दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी






शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार


वर्ष : 12 | अंक : 70 | लखनऊ, 03 मार्च, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### बरेली में 166वीं बार निकली ऐतिहासिक राम बरात



लखनऊ। होली से पहले बरेली में आस्था और परंपरा के संगम से ऐसा रंग जमा, जिसमें शहरवासी सराबोर हो गए। बरेली में 166वीं बार ऐतिहासिक राम बरात निकाली गई। बराती बने हुरियारों ने जमकर होली खेली। शहर के ब्रह्मपुरी स्थित नृसिंह मंदिर से सुबह करीब 10 बजे पूजा-पाठ के बाद राम बरात की शुरुआत हुई। रघुवर दूल्हा बनकर रथ पर निकले तो जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

### खड़े ट्रक से टकराई बस 3 की मौत, 31 घायल



लखनऊ। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास मथुरा और आगर डिपो की दो रोडवेज बसें एक ही ट्रक में भीड़ गईं। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि दोनों बसों के 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों घटनाएं चालक को झपकी आने से बताई जा रही हैं।

### 11 हजार करोड़ के ग्रीन टेक प्रोजेक्ट को लगी मुहर

रांची। झारखंड में न्यू एज ग्रीन एडवांस्ड टेक्नोलॉजी स्टील



प्रोजेक्ट में 11 हजार करोड़ रुपए के निवेश, हाइड्रोजन ईंधन-आधारित ट्रकों के निर्माण और अन्य विकास परियोजनाओं को लेकर सोमवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ टाटा सन्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस वार्ता में राज्य में औद्योगिक विस्तार और दीर्घकालिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर सहमति बनी। बैठक के बाद चंद्रशेखरन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड टाटा समूह की औद्योगिक यात्रा का आरंभिक केंद्र रहा है।

खास होगी अयोध्या की होली उड़ेगा गुलाल

# सीएम योगी के भेजे हर्बल गुलाल से लगेगा रामलला को टीका

**अयोध्या के राम मंदिर में इस साल हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेलने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व पर मंदिरों के लिए हर्बल गुलाल भेजा है।**

**खास बातें**

- रामलला के लिए 56 भोग बनेगा
- फूलों की होली खेलने की व्यवस्था की गई है
- मंदिरों के कपाट चंद्र ग्रहण के मौके पर 3 मार्च को बंद रहेंगे





अमन लेखनी समाचार/ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में इस साल हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेलने की तैयारी की जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व पर मंदिरों के लिए हर्बल गुलाल भेजा है। राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि सीएम के भेजे हर्बल गुलाल को प्रभु राम लला सहित अन्य विग्रहों को अर्पित कर इससे होली खेली जाएगी। इसके अलावा फूलों की होली खेलने की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि होली के मुख्य पर्व पर रामलला के लिए 56 भोग बनेगा उनका आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि होली की शुरुआत रंगभरी एकादशी से ही हो चुकी है। इस दौरान रोजाना प्रभु रामलला को गुलाल से टीका कर उन्हे रंग गुलाल अर्पित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर में सांस्कृतिक दल होली गीत फगुआ आदि का गायन कर रहे हैं। पर्व पर रामलला के दर्शन करने के लिए देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ 1 लाख के करीब पहुंच गई है। अयोध्या के 5 हजार से अधिक मंदिरों में रंगभरी एकादशी से रंगोत्सव चल रहा है, जो 4 मार्च तक जारी रहेगा।

### श्रद्धालुओं की भीड़ 1 लाख के पार

#### मंदिरों के कपाट 3 मार्च को बंद रहेंगे

अयोध्या के मंदिरों के कपाट चंद्र ग्रहण के मौके पर 3 मार्च को बंद रहेंगे। वहीं राम जन्म भूमि मंदिर ने अपने अपने संध्या आरती व भोग आरती के समय के साथ चंद्रग्रहण की समय सारणी जारी कर दी है। उस दिन राम लला के दर्शन का समय आधा घंटा बढ़ाने का निर्णय किया है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण राम जन्म भूमि मंदिर के कपाट सुबह 9:30 बजे से रात 8:30 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं का प्रवेश मंदिर में बंद रहेगा।

#### दर्शन की अवधि आधा घंटा बढ़ाई गई

मंदिर के कपाट संध्या आरती के समय से खुल जाएंगे। उसी के साथ दर्शन भी शुरू हो जाएगा। चंद्र ग्रहण के चलते राम लला के दर्शन की अवधि आधा घंटा बढा दी गई है। चंद्र ग्रहण की तिथि को प्रभु रामलला की भोग आरती रात 9:30 बजे होगी और दर्शन 10:30 की जगह 11 बजे रात तक चलेगा।

### यूपी में आयोजनों की गति बढ़ी

# यूपी की हवा में घुले चुनावी रंग, हर महीने मेगा प्रोजेक्ट के शुभारंभ की तैयारी में योगी सरकार

**यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए यूपी सरकार और संगठन ने सियासी कमर कस ली है। कई प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाओं को फिनिशिंग टच दिया जा रहा है।**

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ

उत्तर प्रदेश की हवा में अब चुनाव के रंग घुलने लगे हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग वोटर लिस्ट को पुख्ता बनाने में जुटा है। इधर, सियासी दलों ने भी बूथवार चक्रव्यूह तैयार करना शुरू कर दिया है। इस बीच सरकार-संगठन ने भी सियासी मोर्चेबंदी के साथ ही उपलब्धियों के मोर्चे पर भी नाकाबंदी शुरू कर दी है। इस साल अमूमन हर महीने एक मेगा प्रोजेक्ट के लोकार्पण, निवेश और विकास के मोर्चे पर बढ़े आयोजनों की तैयारी है। इसमें अधिकतर कार्यक्रमों में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे, जिससे 'डबल इंजन' के दम का संदेश दिया जा सके।

पिछले तीन महीने में यूपी में आयोजनों की गति बढ़ी है और इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय नेतृत्व की भी सक्रियता बढ़ी है। इस प्रक्रिया को और तेज करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में इन आयोजनों को और विस्तार देने की तैयारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जिले से प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय महत्व वाली परियोजनाएं जो अंतिम चरण में हैं उनको फिनिशिंग टच देने की प्रक्रिया तेज हो गई है।



### विकास और सियासी संदेश एक साथ

पिछले तीन महीनों में यूपी के आयोजनों को लेकर पीएम की सक्रियता बढ़ी है। 25 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों के साथ ही उन्होंने विपक्ष को भी निशाने पर लिया। जनवरी के पहले सप्ताह में वह वाराणसी में खेल से जुड़े आयोजन में वर्चुअल जुड़े थे। 24 जनवरी को यूपी के स्थापना दिवस पर योगी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंच साझा किया। पिछले महीने 21 फरवरी को मोदी नोएडा में सेमीकंडक्टर यूनिट के आयोजन में वर्चुअल जुड़े तो इसके अगले दिन उन्होंने मेरठ से दिल्ली तक रैपिड रेल का उद्घाटन किया। विपक्ष पर सवाल और समर्थकों को सियासी संदेश देने के लिए भी मोदी ने मेरठ के मंच को चुना। उन्होंने जहां संसद में कांग्रेस को व्यवहार को लेकर तीखा हमला बोला, वहीं, यूपी में योगी सरकार की उपलब्धियों को भी सराहा।

### इन परियोजनाओं का हो सकता है शुभारंभ

- देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेस-वे
- नोएडा में बन रहा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे
- इन्वेस्ट यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी

### चुनाव के पहले मथ लेंगे प्रदेश

सूत्रों का कहना है कि कार्यक्रमों की रूपरेखा इस तरह से तैयार की जा रही है कि विकास योजनाओं और उनके लोकार्पण के जरिए ही केंद्रीय-प्रदेश नेतृत्व चुनाव शुरू होने से पहले पूरे यूपी को मथ चुका होगा। इसके अलावा भी प्रदेश व जिला स्तर के अन्य विकास कार्यों की सूची प्रभारी मंत्रियों के जरिए बनाई जा रही है, जिससे चुनावी मंच से वादे नहीं बल्कि उनकी अमल की तस्वीर दिखा जनता से यूपी मे तीसरा टर्म मांगा जा सके। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार-संगठन के लिए यह रणनीति कारगर रही थी।

### गंगा एक्सप्रेस-वे, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पाइपलाइन में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसी महीने वाराणसी दौरा भी प्रस्तावित है। इसमे वहां रोप-वे सहित अन्य बड़ी परियोजनाओं को वह हरी झंडी दिखा सकते है। वहीं, देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवेज में शुमार गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य भी अंतिम चरण में है। अगले महीने तक योगी सरकार इसका भी लोकार्पण पीएम के हाथों करवाने की तैयारी कर रही है।

### यूपी में होली से पहले भीषण खूनी संघर्ष

# कुल्हाड़ी से काटकर चार की हत्या दो अन्य गंभीर रूप से घायल



अमन लेखनी समाचार/बहराइच

जिले में होली से पहले खूनी होली खेली गई। पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने के पैसे न मिलने से नाराज बेटे ने अपने मां-बाप, दादी व बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी।

सो रहे अन्य परिवारजन शोर शराबा सुनकर घर के आंगन में पहुंचे तो देखा कि चार लाशें खून से लथपथ पड़ी है। चारों ओर से घिरा देख आरोपी खुद पर भी ईट से हमला कर जान देने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे बहराइच से लखनऊ के ट्रामा सेंटर को रेफर किया गया है घटनास्थल का एसपी ने निरीक्षण किया।

रुपईडीहा इलाके के बसंतपुर रुदल में रात करीब 12:30 बजे जब पूरा गांव गहरी नींद में था, तब गांव निवासी बदलूराम के घर से उठी चीख-पुकार ने सन्नाटे को चीर दिया। बदलूराम का बेटा निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने का पैसा न देने की बात को लेकर विवाद कर रहा था। बात इतनी बढ़ गई कि निरंकार अपना आपा खो बैठा और पास में रखी कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर मौत ज घाट उतार दिया।

बदलूराम को बचाने दौड़े उसकी 56 वर्षीय पत्नी संजू देवी, बेटी पार्वती व 80 वर्षीय मां सिताला को भी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दिया। रात में शोर शराबा सुन गांव के ग्रामीण बदलूराम के घर पहुंचे तो देखा कि आंगन में चार लार लाशें बिछी हुई हैं। पुलिस ने निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीपी तिवारी ने बताया कि फोरेन्सिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सीईपीए समझौते की राह हुई साफ, दोनों देशों में बढ़ेगा निवेश

### भारत-कनाडा का महा-समझौता: 2030 तक 50 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य!

# यूरेनियम डील से चमकेगी भारत की ऊर्जा, कनाडा के साथ 2.6 बिलियन डॉलर का ऐतिहासिक करार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

वैश्विक स्तर पर चल रही उथल-पुथल और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, भारत ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा कदम उठाया है। एक ओर जहां भू-राजनीतिक संकट ने बाजारों को झकझोर कर रख दिया है, वहीं भारत और कनाडा के बीच ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक खनिजों को लेकर ऐतिहासिक समझौते हुए हैं। इन समझौतों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए देशवासियों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया है। भारत और कनाडा ने यूरेनियम पर एक ऐतिहासिक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद, पीएम मोदी ने साफ किया कि मानवता की भलाई भारत और कनाडा का साझा दृष्टिकोण है। वैश्विक अस्थिरता का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति भारत के लिए गहरी चिंता का विषय है और देश बातचीत के जरिए सभी मुद्दों के समाधान का पक्षधर है। युद्ध के बढ़ते जोखिम के बीच प्रधानमंत्री ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



**संधि से भारत के आईटी और सर्विस सेक्टर को मिलेंगी बड़ी सौगातें**

कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद, पीएम मोदी ने साफ किया कि मानवता की भलाई भारत और कनाडा का साझा दृष्टिकोण है। वैश्विक अस्थिरता का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति भारत के लिए गहरी चिंता का विषय है और देश बातचीत के जरिए सभी मुद्दों के समाधान का पक्षधर है। युद्ध के बढ़ते जोखिम के बीच प्रधानमंत्री ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा

कनाडा के साथ हुए ये समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं। यूरेनियम और नवीकरणीय ऊर्जा पर हुए समझौतों से भारत के पावर और एनर्जी सेक्टर को भारी बूस्ट मिलेगा, जिससे ऊर्जा के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। वहीं, क्रिटिकल मिनरल्स समझौता भारत के उभरते इलेक्ट्रिक वाहन और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। एक ओर जहां पश्चिम एशिया का संकट वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार कूटनीतिक स्तर पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है।

### समुद्री सहयोग को नई गहराई मिलेगी: पीएम मोदी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कनाडा को एक महत्वपूर्ण और व्यापक साझेदार मानता है। हम हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) में संवाद साझेदार बनने में उसकी रुचि का स्वागत करते हैं। इससे हमारे समुद्री सहयोग को नई गहराई मिलेगी। हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौतियां हैं। इन खतरों के खिलाफ हमारा घनिष्ठ सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व भर में चल रहे कई तनावों पर भारत का रुख स्पष्ट है। हमने हमेशा शांति और स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया है, और जब दो लोकतंत्र एक साथ खड़े होते हैं, तो शांति की आवाज और भी मजबूत हो जाती है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत संवाद और कूटनीति के माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, भारत एक ऐसा देश है जिसकी ऊर्जा मांग 2040 तक दोगुनी होने का अनुमान है। इस मांग को स्थायी रूप से पूरा करने के लिए, भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक बढ़ाने और इसी अवधि में अपने प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में एलएनजी की हिस्सेदारी।

## भारत-कनाडा के बीच हुए हैं खास और ऐतिहासिक समझौते

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा करने के लिए भारत ने कनाडा के साथ अपनी रणनीतिक भागीदारी को मजबूत किया है। दोनों देशों के बीच हुए प्रमुख समझौते इस प्रकार हैं:



### यूरेनियम और परमाणु सहयोग

*कनाडाई पीएम कार्नी के साथ वार्ता के बाद पीएम मोदी ने बताया कि भारत और कनाडा ने यूरेनियम पर एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, नागरिक परमाणु सहयोग को आगे बढ़ाते हुए दोनों देश छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर एक साथ मिलकर काम करेंगे।*

### क्रिटिकल मिनरल्स

*भविष्य की तकनीकी और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए, भारत और कनाडा ने महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में सहयोग के लिए एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।*

### नवीकरणीय ऊर्जा

*स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाते हुए, दोनों देशों ने नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर मुहर लगाई है।*

### व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता

*व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए भारत और कनाडा ने 'व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते' के लिए 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' दस्तावेज को अंतिम रूप दे दिया है। पीएम मोदी के अनुसार, दोनों देशों ने इस व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है।*

## संक्षेप

### होली के बीच मातम

**युवक ने दुपट्टे से फंदा बनाकर दी जान**



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र निवासी अभिषेक रावत उम्र 25 वर्ष ने कथित रूप से दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के अशरे एल्डिको इलाके की है। परिजनों के अनुसार, सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मां पूजा और पिता कुलदीप रावत का रो-रोकर बुरा हाल है। बहन मुस्कान, जिसकी शादी हो चुकी है, भी मायके पहुंच गई। बताया जा रहा है कि बीती रात उसकी किसी से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह तनाव में था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। होली के त्योहार के बीच हुई इस घटना से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

### वृंदावन योजना में चोरी, नगदी व जेवरात समेत अहम दस्तावेज गायब

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। वृन्दावन योजना क्षेत्र में चोरी की एक वारदात सामने आई है। बी-4/2 आसरा इनक्लेव, सेक्टर-18 निवासी अंजू सिंह के घर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता के अनुसार 25 फरवरी 2026 को शाम करीब 6 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर के सामने स्थित पार्क में गई थीं। करीब 7:15 बजे वापस लौटने पर घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। अलमारी और उसके अंदर की तिजोरी खुली हुई थी। तिजोरी से करीब 50 हजार रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण तथा एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और पैन कार्ड समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब थे। घटना की सूचना तत्काल 112 पर दी गई। मामले में पीजीआई थाना के इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### घर से चोरी करने वाला ड्राइवर गिरफ्तार

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार होने वाले चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पकड़े गए चालक के पास से पुलिस ने दस लाख रुपये व कीमती आभूषण बरामद किए है। डीसीपी साऊथ ने पुलिस टीम को इस खुलासे पर 25 हजार रुपए इनाम में देने की घोषणा की है। पुलिस ने मुताबिक बीते 27 फरवरी को निलेश सिंह निवासी कुटुम्ब निवास, साईदाता रोड, सरसंवा, थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा अपने ड्राइवर राजेन्द्र शर्मा पर चोरी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## फर्जी प्लॉट रजिस्ट्री कर ग्यारह लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में फर्जी प्लॉट रजिस्ट्री कर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में कैण्ट स्थित निलमथा के शाहीनूर डिफेंस कॉलोनी निवासी अरविंद सिंह नेगी ने दो महिला सहित चार लोगों पर आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त से शिकायत की। अरविंद सिंह नेगी के मुताबिक उन्होंने 6 जुलाई 2024 को बिजनौर के औरंगाबाद खालसा स्थित सपना सिटी कॉलोनी में प्लॉट संख्या-15 (खसरा संख्या 1079 का भाग), क्षेत्रफल 480 वर्ग फुट, संध्या पाल से 11 लाख रुपये में खरीदा था। पीड़ित का कहना है कि रजिस्ट्री के समय उसने 5.70 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर से तथा 5.30 लाख रुपये नकद दिए। रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान संध्या पाल के पति चंद्रप्रकाश व एक अन्य व्यक्ति गवाह के रूप में मौजूद थे। अरविन्द नेगी का आरोप है कि 28 दिसंबर 2024 को प्लॉट पर पहुंचने पर वहां किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा मिला, जिसने उसी प्लॉट की अलग रजिस्ट्री दिखाते हुए निर्माण कार्य शुरू कर रखा था। अरविंद का कहना है कि यह जानकारी होने पर जब उसने संध्या पाल से बात की तो संध्या ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पीड़ित का कहना है कि इस मामले में पूर्व में डीसीपी कार्यालय में भी शिकायत दी गई थी। आरोप है कि विक्रेता ने उनके खिलाफ सिविल वाद भी दायर कर दिया। फिलहाल पुलिस आयुक्त के निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने धोखाधड़ी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीपी वर्ल्ड ने पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराए

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। डीपी वर्ल्ड ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में एक रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराते हुए अपनी बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल को विस्तार दिया है। इससे उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट तक पहुंच मजबूत होगी। शिपिंग कंटेनर को पूरी तरह से सुसज्जित मल्टी पर्पज पैवेलियन में बदला गया है, जिससे युवा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, तैयारी और आराम के लिए डेडिकेटेड स्पेस मिल सकेगा। लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह की उपस्थिति में इस पैवेलियन का अनावरण किया गया। इसे स्थायी रूप से सेज क्रिकेट एकेडमी में स्थापित किया जाएगा। 250 क्रिकेट किट्स के माध्यम से चुनिंदा एकेडमी को उपकरणों तक पहुंच बढ़ाने और स्ट्रक्चर्ड कोचिंग देने में मदद मिलेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के साथ मिलकर की गई इस पहल ने आईसीसी टूर्नामेंट्स में बनने वाले प्रत्येक 100 रन पर 10 किट डोनेट करने के डीपी वर्ल्ड के लक्ष्य को और मजबूत किया है। इस कार्यक्रम के दौरान युवराज सिंह ने कहा, भारत के हर कोने में प्रतिभाएं हैं, लेकिन सही सुविधाओं एवं उपकरणों तक पहुंच से असली अंतर आता है। बियॉन्ड बाउंड्रीज जैसी पहल से इस अंतर को पाटने में मदद मिलती है, जिससे युवा क्रिकेटर्स को वह इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं आत्मविश्वास मिलता है, जिसकी जरूरत उन्हें अपने सपने पूरे करने के लिए है। इस लॉन्चिंग के मौके पर डीपी वर्ल्ड, सबकॉन्टिनेंट (इंडिया) के कंट्री मैनेजर हेमंत कुमार रुइया ने कहा, उभरते क्रिकेटर्स की राह में सबसे बड़ी बाधा होती है सही सुविधाओं तक पहुंच की।

## पीजीआई थाना क्षेत्र में रोडवेज बस में महिला से लाखों के जेवर पार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में रोडवेज बस यात्रियों को निशाना बनाने वाला चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। इलाहाबाद (प्रयागराज) से लखनऊ आ रही एक महिला के बैग से करीब साढ़े तीन लाख रुपये के जेवर पार कर दिए गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है।

पीड़िता के मुताबिक वह इलाहाबाद से रोडवेज बस से लखनऊ आ रही थीं। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना बैग बस की ऊपरी रैक पर रख दिया था। लखनऊ पहुंचकर जब बैग की जांच की तो उसमें रखे सोने की तीन अंगूठियां, एक हार, झुमके और चांदी की पायल गायब थे। चोरी गए जेवरों की कीमत करीब 3.5 लाख रुपये बताई जा रही है।

### तेलीबाग में भी बढ़ रहीं घटनाएं

स्थानीय लोगों का कहना है कि तेलीबाग इलाके में बस यात्रियों के साथ चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आशंका है कि गिरोह भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देता है और बीच रास्ते में उतरकर फरार हो जाता है।

### कीमती सामान अपने पास रखें: पुलिस

इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार ने बताया कि यात्रियों को बस में कीमती सामान रैक पर रखने से बचना चाहिए। सामान हमेशा अपने पास सुरक्षित रखें। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

पुलिस बस स्टॉप और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही।

## टाटा पावर का कर्मचारी बताकर ठगी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का एक मामला सामने आया है। जालसाजों ने खुद को टाटा पावर कंपनी का कर्मचारी बताकर एक व्यक्ति के मोबाइल को हैक कर लिया और उसके बैंक खाते से 99,500 रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वृंदावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ निवासी राकेश कुमार राममिलन पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 फरवरी 2026 को शाम करीब 6:54 बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को टाटा पावर कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि बिजली कनेक्शन में नाम परिवर्तन का अनुरोध पूरा हो गया है। उसने 13 रुपये के केवाईसी शुल्क का भुगतान गूगल पे से करने को कहा। पीड़ित के अनुसार, जब पहले नंबर पर मैसेज नहीं आया तो ठग ने दूसरा नंबर मांगा। इसके बाद उस नंबर पर कॉल कर व्हाट्सएप पर टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के नाम से एक पीडीएफ भेजी गई। जैसे ही पीड़ित ने पीडीएफ डाउनलोड करने के लिए क्लिक किया, उनके मोबाइल की स्क्रीन काली हो गई और फोन कुछ समय के लिए हैक हो गया। कुछ देर बाद जब पीड़ित ने अपने मैसेज चेक किए, तो उन्हें पता चला कि उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 95,000 रुपये और 4,500 रुपये, कुल 99,500 रुपये की धनराशि अनधिकृत रूप से कट चुकी थी। यह रकम मनोज सिंह नामक व्यक्ति के खाते (अंतिम चार अंक 5479) में ट्रांसफर हुई बताई गई है। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने बैंक कस्टमर केयर पर सूचना देकर अपना कार्ड और यूपीआई अस्थायी रूप से ब्लॉक कराया। उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराई। पीजीआई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और ट्रांजेक्शन आईडी के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद से आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।

## मोबाइल चोरी करने के बाद बैंक खाते से ऑनलाइन निकाले लाखों रुपये

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के बाद बैंक खाते से 3.23 लाख रुपये की ऑनलाइन निकासी का मामला सामने आया है। इस मामले में बिजनौर के अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास शहीद विहार निवासी अजय बहादुर सिंह ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजय बहादुर के मुताबिक 13 फरवरी 2026 को वह अपने पेतृक घर मैनपुरी जिले के करपिया गांव जाने के लिए अवध चौराहे से बस पकड़ने जा रहे थे, तभी भीड़ के दौरान उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसने अपने बेटे को इसकी सूचना देकर सिम ब्लॉक करा दिया और आलमबाग थाने में जानकारी दी। उसका कहना है कि 17 फरवरी को वह गांव से वापस लौटे। इस दौरान 13 फरवरी से 21 फरवरी तक कई बार ट्रांजैक्शन के जरिए उनके उतरठिया स्थित पंजाब नेशनल बैंक रायबरेली रोड शाखा के खाते से 3.23 लाख रुपये निकाल लिए गये। लेकिन इसकी जानकारी पीड़ित को तब हुई जब वह सीएसडी कैंटीन से कुछ सामान खरीदने गया और उसका पेमेंट नहीं हुआ। तब उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने के साथ बिजनौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलदाल पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

### घर के बाहर टहल रही महिला से छेड़छाड़, विरोध पर जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। वृंदावन कॉलोनी क्षेत्र में घर के बाहर टहल रही एक महिला से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीजीआई थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सेक्टर 5इ/ऊ-21, वृंदावन कॉलोनी की निवासी हैं। उनके अनुसार शनिवार रात करीब 10 बजे वह खाना खाने के बाद अपने घर के सामने टहल रही थीं। इसी दौरान गांधी नगर, तेलीबाग निवासी एक व्यक्ति कुत्ता टहलाते हुए वहां पहुंचा और उनसे छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से उन्हें धक्का दिया और कपड़े फाड़ने का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि आरोपी ने स्वयं को सचिवालय में कार्यरत बताते हुए कहा कि वह कुछ भी कर सकता है। जब वह घर के अंदर जाने लगीं तो आरोपी ने अशोभनीय टिप्पणी की और रिवॉल्वर होने का दावा करते हुए उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से पीड़िता और उनका परिवार दहशत में है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, अधेड़ की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाइक सवार अधेड़ बाइक सहित रोड पर गिर गया और ट्रक उसे कुचलते हुए कानपुर की ओर भाग निकला। हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के कारण लखनऊ से कानपुर जाने वाली कानपुर रोड की पटरी पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि बाइक सवार एक अधेड़ सोमवार शाम करीब 5 बजे सरोजनी नगर की तरफ से कानपुर की ओ जा रहा था तभी बंथरा में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पीछे से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार अधेड़ अपनी गाड़ी सहित रोड पर गिर गया। घटना के बाद ट्रक उसके सिर को कुचलते हुए कानपुर की ओर फरार हो गया। इस घटना में बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने आनन-फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, तो मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान उन्नाव जिले के बीघापुर थाना अंतर्गत इंदेमऊ निवासी 52 वर्षीय राम मूर्ति शुक्ला के रूप में हुई। उधर घटना के बाद लखनऊ से कानपुर जाने वाली कानपुर रोड की पटरी पर कुछ देर के लिए जाम के हालात पैदा हो गए। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## चलती बाइक पर सुपरवाइजर को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



आरोपी अनुभव – फोटो

लखनऊ। आपसी रंजिश की चिंगारी ने शनिवार देर रात एक निर्दोष को लहूलुहान कर दिया। माल थाना क्षेत्र के ग्राम पारा भदराही निवासी 35 वर्षीय संदीप प्रजापति को रास्ते में रोककर गोली मार दी गई। गोली उनकी कमर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

संदीप प्रजापति हरदोई जनपद के संडीला स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री में सुपरवाइजर हैं। बीते शनिवार देर रात ड्यूटी समाप्त कर वह बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रहीमाबाद के गहदो टावर के पास पहुंचे, तभी गहदो निवासी अनुभव सिंह ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, संदीप के न रुकने पर आरोपी ने पीछे से तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली लगते ही संदीप सड़क पर गिर पड़े और दर्द से तड़पने लगे।

घायल अवस्था में ही उन्होंने किसी तरह मोबाइल से अपनी पत्नी मानसी को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें पहले नजदीकी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि गहदो निवासी अमित साहू और अनुभव सिंह के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अमित को निशाना बनाने की फिराक में था, लेकिन उसी दौरान वहां से गुजर रहे संदीप को गोली लग गई। घटना के बाद आरोपी ने अमित को फोन कर धमकी दी कि 'तुम्हारे धोखे में गोली किसी और को लग गई है।'

पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। सोमवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गहदो गांव स्थित एक बाग से आरोपी अनुभव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

## रहीमाबाद के तरौना गांव में खौफ का साया

### मासूम अंशिका की मौत के बाद सहमे लोग, बच्चों को घरों में कैद करने को मजबूर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के तरौना गांव में आठ वर्षीय अंशिका की दर्दनाक मौत के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। बीते रविवार स्ट्रीट डॉग के झुंड ने मासूम पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से ग्रामीण अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं और उन्हें घर से बाहर निकलने तक नहीं दे रहे हैं।

### गांव की गलियों में पैदल चलना भी मुश्किल

ग्रामीणों का कहना है कि पूरे गांव में कुत्तों का आतंक फैला हुआ है। हालात यह हैं कि रात में लिंक रोड और गलियों से बाइक-स्कूटी तो दूर, पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। लोगों के मुताबिक बबूल के जंगल की तरफ कुत्तों का झुंड डेरा जमाए रहता है और उधर से गुजरने वाले लोगों को दौड़ाकर काट लेता है।

### एक सप्ताह पहले भी हुआ था हमला

ग्रामीणों ने बताया कि घटना से एक सप्ताह पहले दो सगी बहनों–रुबीना और सबीना–को भी कुत्तों ने दौड़ा लिया था। दोनों बहनें जंगल की ओर बकरी चराने गई थीं, तभी कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। जान बचाने के लिए वे भागकर एक पेड़ पर चढ़ गईं। पेड़ पर चढ़कर दोनों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाया। तब जाकर दोनों की जान बच सकी।

### मृत पशुओं का मांस खाकर हो रहे उग्र

गांव के लोगों का कहना है कि बबूल के जंगल में अक्सर मृत पशु फेंके जाते हैं, जिन्हें खाकर कुत्ते और ज्यादा उग्र हो गए हैं। झुंड बनाकर घूम रहे ये कुत्ते राहगीरों पर हमला कर देते हैं। खासकर बच्चों और महिलाओं के लिए हालात बेहद खतरनाक बने हुए हैं।

### ट्रेन की आवाज में दब गई मासूम की चीखें

घटना के दिन ग्रामीणों ने गांव के बाहरी इलाके से किसी के चीखने की आवाज सुनी थी। उसी समय पास की रेलवे लाइन से ट्रेन गुजरने लगी, जिससे अंशिका की चीखें ट्रेन की तेज आवाज में दब गईं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर आवाज साफ सुनाई दे जाती, तो शायद समय रहते उसकी जान बचाई जा सकती थी।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

मासूम की मौत के बाद गांव में गुस्सा और डर दोनों है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने और इलाके में विशेष अभियान चलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक किसी और मासूम की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है।

अंशिका की मौत ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। गलियों में पसरा सन्नाटा और घरों में कैद बच्चों की चुप्पी, इस दर्दनाक हादसे की गवाही दे रही है।

## चंद्र ग्रहण आज, सूतक मान्य, बंद रहेंगे मंदिरों के कपाट

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा (तीन मार्च) को साल के पहले चंद्रग्रहण पर सूतककाल में लखनऊ के सभी मंदिर बंद रहेंगे। चंद्रग्रहण के 09 घंटे पूर्व लगने वाले सूतककाल को देखते हुए मंदिर में दर्शन पूजन नहीं होगा। परंपरा के अनुसार मंदिर का कपाट ग्रहण प्रारंभ होने से नौ घंटे पूर्व बंद हो जाएगा। ग्रहण मोक्ष सायं 6:47 बजे के बाद शास्त्रोक्त विधि से उग्रह (मोक्ष) पूजन सम्पन्न किया जाएगा। पूजन उपरांत शुद्धिकरण एवं आवश्यक धार्मिक विधि-विधान पूर्ण करने के बाद सायं 7:15 बजे के पश्चात मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं एवं जनमानस के लिए पुनः खोल दिया जाएगा।

मान्यता है कि ग्रहण काल में भगवान की प्रतिमाओं का स्पर्श नहीं किया जाता है इसलिए मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। इस दौरान भोजन आदि भी नहीं करना चाहिए। पंडित बिंद्रेस दुबे के अनुसार, खासतौर से कर्क राशि और पुष्य, अश्लेषा नक्षत्र में जन्मे लोग ग्रहण न देखे। चंद्रग्रहण का समय जप-तप साधना के लिए श्रेष्ठ रहेगा। चंद्रग्रहण के दौरान नाखून, बाल आदि न काटें। गर्भवतियां घर से बाहर न निकलें। सूतक से पहले भोजन में अगर कुश और पानी में तुलसी डाल दी जाए तो भोजन दूषित होने से बचाया जा सकता है। ग्रहण के बाद भगवान की प्रतिमाओं का विधिविधान से पूजन कर आरती करें। रात्रि में स्नान, पूजन और दान के बाद भोजन करना बेहतर रहेगा। मनकामेश्वर मठ मंदिर की महंत देव्यागिरि ने बताया कि सुबह सूतक से पहले और रात को ग्रहण के बाद आरती होगी। वहीं, हनुमान सेतु मंदिर के पुजारी भगवान सिंह विष्ट के अनुसार, ग्रहण के चलते सुबह 6:30 बजे आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। ग्रहण समाप्ति के बाद रात 9 बजे आरती होगी। चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर के पंडित शक्तिदीन अवस्थी ने बताया कि यहां ग्रहण के बाद रात 9 बजे आरती की जाएगी। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल घाट पर पूर्णिमा पर गोमती की आरती शाम छह बजे होगी। इससे पहले हनुमान बने बालकों की टोली हनुमान सेतु से आयोजन स्थल तक शोभायात्रा के रूप में आएगी।

बताते चले रंगों के त्योहार होली के दिन इस साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। ग्रहण 3 मार्च को पड़ेगा, जो भारत में भी दिखाई देगा और इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा। साल के इस पहले चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 27 मिनट तक रहेगी। चंद्र ग्रहण 3 मार्च को अपरान्ह 3 बजकर 20 मिनट से शुरू होगा और 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। सूतक काल ग्रहण लगने से 09 घंटे पहले शुरू हो जाता है और ऐसे में सूतक काल सुबह 06 बजकर 20 मिनट से शुरू होगा।

**साल का पहला चंद्र ग्रहण और उसका समय:** 3 मार्च 2026 को पड़ने वाला यह चंद्र ग्रहण भारत में शाम को सिर्फ 14 से 20 मिनट तक दिखाई देगा। ग्रहण दोपहर 3:20 बजे शुरू होगा, लेकिन उस समय चंद्रमा भारत में उदय नहीं होगा। चंद्रमा शाम करीब 6:26 से 6:32 बजे के बीच उदय होगा और तब से ग्रहण दिखाई देगा। ग्रहण शाम 6:46 से 6:47 बजे तक समाप्त हो जाएगा। इस कारण इसे 'ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण' कहा जा रहा है, क्योंकि चंद्रमा उदय होते ही ग्रहण की स्थिति में होगा।

## मचो फाग घनघोर आज होरी झूम री...

### गोमती तट पर सजी 84वीं लोक चौपाल, नाव में गूंजा फाग

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा सोमवार को कुड़िया घाट पर 84वीं लोक चौपाल का आयोजन किया गया। गोमती तट पर आयोजित इस फागोत्सव में पारम्परिक होली गीतों की प्रस्तुति के साथ उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। नाव में बैठकर सामूहिक फाग गायन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।

चौपाल का शुभारंभ अर्चना गुप्ता ने श्रीराम स्तवन से किया। इसके बाद होरी खेलें रघुवीरा अवध मा, मत मारो श्याम पिचकारी, खेलें मसाने में होरी दिगम्बर, फागुन ऐसा सलोना सिपाही, मचो फाग घनघोर आज होरी झूम री के साथ ही पारम्परिक फाग की प्रस्तुतियां हुईं। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने बताया कि परंपरा के अनुसार संस्थान से जुड़े सदस्य विभिन्न स्थानों पर आयोजित संगीत बैठकों में सहभागिता करेंगे।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. एस.के. गोपाल, इन्दू सारस्वत, अपर्णा सिंह, प्रो.सीमा सरकार, अमिताभ राय, कविता सिंह, मनोरमा मिश्रा, सीमा अग्रवाल, देवेश्वरी पंवार, रीता पाण्डेय, ज्योति किरन रतन, सत्यप्रकाश साहू, अर्पित, गौरव गुप्ता, भूषण अग्रवाल, पप्पू अवस्थी, अनूप शर्मा, अखिलेश शाश्वत, कृष्णा सिंह, सविता त्रिवेदी, जादूगर सुरेश कुमार, अनमोल मौर्य, रमेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक अधेड़ को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। लकड़ी से लदे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी जान चली गई। यह घटना रविवार शाम हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित मंगली खेड़ा गांव के पास हुई। ट्रैक्टर-ट्रॉली लकड़ी से लदी हुई थी और अचानक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।मृतक की पहचान 55 वर्षीय कालिका प्रसाद पुत्र रामलाल निवासी भट्टन खेड़ा, पोस्ट उतमानपुर, थाना फतेहपुर चौरासी के रूप में हुई है। वह रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे हाफिजाबाद बाजार से अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है।हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है और फरार चालक की तलाश कर रही है।इस दुखद घटना से मृतक की पत्नी जगदेई, बेटे सुनील और विवाहित बेटियों संतोषी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में 14 छात्रों ने हासिल की सफलता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के पीएम श्री मोमिनपुर कंपोजिट विद्यालय में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 14 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत लगन संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की हैं । विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को ऐसी मेहनत करने के लिए आगे पढ़ने के लिए उपहार दे कर शुभकामनाएं दी। शिक्षक अवनीश चंद्र सिंह सेंगर एवं सारिका चतुर्वेदी के विशेष सहयोग और प्रेरणा से यह सफलता संभव हो सकी। इस उपलक्ष्य में जितेंद्र कुमार गोयल सहायक शिक्षक ने धनराशि देकर बच्चों को पुरस्कार किया। शिवांशी और शगुन 3 रैंक, दीपक 8रैंक, तन्वी14रेंक, कमल 17रेंक, आयुष कुमार 20रेंक, आयुष सिंह 27रेंक, कपिल 30रेंक निधि35रेंक, पायल 43रेंक, अनुराग और आकांक्षा 44रेंक, मानसी और अंशिका 45रेंक लाकर जिले का नाम रोशन किया। इस मौके पर प्रधान शिक्षक प्रदीप कुमार त्रिवेदी , गंगा विष्णु, सारिका चतुर्वेदी, अवनीश चंद्र सिंह, उजमा फातिमा, जितेंद्र कुमार गोयल, रीना देवी, प्रज्ञा, विनोद कुमार, अभिमन्यु, रमेश कुमार, दीपिका, गायत्री आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क दुर्घटना तीन की मौत दर्जनों घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। किलोमीटर संख्या 227 के पास खड़े एक ट्रक से तेज रफ्तार रोडवेज बस टकरा गई। इस दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस के मुताबिक, यह हादसा एक ही ट्रक से दो बार टक्कर का परिणाम है।सबसे पहले किलोमीटर संख्या 227 पर एक रोडवेज बस ने ट्रक को हल्की टक्कर मारी थी।बांगरमऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू किया और ट्रक को टोचन कर किलोमीटर संख्या 232 पर चौकी बांगरमऊ के पास सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा कर दिया था।इसी दौरान देर रात एक अन्य रोडवेज बस उसी स्थान से गुजर रही थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे बस अनियंत्रित होकर पहले से खड़े उसी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही बांगरमऊ पुलिस और एक्सप्रेसवे सुरक्षा टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल उन्नाव भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने तीन अज्ञात यात्रियों को मृत घोषित कर दिया।अन्य घायलों का इलाज जारी है।पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। घायलों के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बस चालक को नींद आना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच कर रही है।घायलों में वंदना साहनी (पुत्री ठगई साहनी, निवासी अहिरौली बाजार, कुशीनगर), रमेश (पुत्र शिव पूजन, निवासी खंडारा, थाना करीमुद्दीनपुर, गाजीपुर), अनीता साहनी (पत्नी मंगेश साहनी, निवासी कुशीनगर), सुशील कुमार (निवासी एत्माद्दौला, आगरा), राजाराम (निवासी दरभंगा, बिहार), सुनील (निवासी अमीनाबाद, लखनऊ), रुद्र और सुमित्रा शामिल हैं।निवासी उसका बाजार सिद्धार्थनगर, अनन्या निवासी कुशीनगर, अवधेश निवासी गोरखपुर, तारादेवी व सरस्वती निवासी कुशीनगर सहित अन्य यात्री शामिल हैं।इसके अलावा शाहरुख निवासी किशोरपुर जगदीशपुर, धीर सिंह निवासी गुरसहायगंज कन्नौज, सहदेव निवासी जैदपुर मथुरा, हर्षित पाल निवासी सीतापुर, सचिन पाल व राजीव कुमार निवासी लखीमपुर खीरी, अजय सिंह निवासी सीतापुर, प्रियंका सिंह व शारदा सिंह निवासी तेलीबाग लखनऊ, दयाशंकर निवासी लखीमपुर, आशीष निवासी मथुरा, अजय कुमार, दिनेश, मिथलेश व रजनीश निवासी महमूदाबाद सीतापुर, सर्वेश व शैलेन्द्र निवासी वृंदावन मथुरा, अमेरिका निवासी बहराइच तथा तारा देवी निवासी मौरावां उन्नाव भी घायल यात्रियों में शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस ने एक्सप्रेसवे पर यातायात को नियंत्रित करते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया और मार्ग को सामान्य कराया। अधिकारियों का कहना है कि बस चालक से पूछताछ की जाएगी तथा दुर्घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गुम हुए 101 फोन पुलिस ने किया बरामद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जयप्रकाश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत जनपद की सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुमशुदा हुए 101 एंड्रॉएड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 22 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी सर्विलांस सेल के नेतृत्व में चलाया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में ही सर्विलांस टीम को गुमशुदा मोबाइलों की शत-प्रतिशत बरामदगी के कड़े निर्देश दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने भिन्न-भिन्न स्थानों से मोबाइल खोज निकाले।पुलिस लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम में बरामद मोबाइल उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए गए। फोन वापस मिलने पर लोगों ने उन्नाव पुलिस की तत्परता और ईमानदारी के लिए आभार व्यक्त किया। कई पीड़ितों ने बताया कि मोबाइल के साथ उसमें मौजूद महत्वपूर्ण डेटा, फोटो और जरूरी दस्तावेज वापस मिलना उनके लिए राहत भरा रहा।सर्विलांस सेल द्वारा सितंबर 2024 से अब तक कुल 808 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 42 लाख रुपये आंकी गई है।यह उपलब्धि जिले में तकनीकी सहायता से अपराध नियंत्रण और संपत्ति बरामदगी के क्षेत्र में पुलिस की दक्षता को दर्शाती है।इस बरामदगी अभियान में शामिल सर्विलांस टीम के कांस्टेबल शुभम तोमर, कांस्टेबल प्रशांत बालियान, कांस्टेबल अरुण यादव, सुदीप कटियार, आकाश चौधरी और कांस्टेबल विवेक को उनकी सराहनीय उपलब्धि के लिए प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की गई है। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी न केवल लोगों की व्यक्तिगत संपत्ति लौटाने का कार्य है, बल्कि यह पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करता है। उन्होंने यह भी बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुमशुदा संपत्ति और लापता लोगों की खोज आगे भी जारी रहेगी।

# पर्व आते ही मिलावट का काला करोबार शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र में होली का त्योहार आते ही बाजारो में मिलावट का करोबार शुरू हो गया ,खोया से लेकर , घी ,मावा , दूध आदि मिलावट का धड़ल्ले से बाजरो में बिकने लगा । मिलावट खोर इतनी सफाई से मिलाते है कि असली नकली पहचान में ही नही आती , चाहे वो मिठाई हो ,खोया हो दूध हो ।महंगाई के इस दौर में लोग भी सस्ता खरीदने के चक्कर मे इन मिलावट खोरो के चक्कर मे पड़ कर सामान खरीद कर सेहत के साथ खिलवाड़ करते है ।इस समय होली का पर्व होने के चलते खोए के दाम आसमान छू रहे है खोया बाजार में 400 रुपये से लेकर 900 रुपये किलो मिल रहा है ,मिलावट खोर खोया में घुइयां , आलू , सिंथेटिक दूध ,वनस्पति घी तथा मैदा मिला कर असली खोए की जगह नकली खोया बेंच रहे है ,वही देशी घी में आलू आरारोट व रिफाइंड आदि मिला कर बेंचा जा रहा है ,पहचान छुपाने के लिए ईसमे घी खुश्बू जैसी इत्र मिला दी जाती है । वही दूध में यूरिया , कलर ,पानी व सिंथेटिक केमिकल मिला कर दूध बनाया जा रहा है ,त्योहारो के चलते बाजरो में धड़ल्ले से नकली दूध बिक रहा है , वही पनीर जैसे खाद्य पदार्थ को भी मिलावट खोर नही छोड़ रहे है , कई प्रकार के किमेकिल मिला कर पनीर को बना के बाजारों में बेंचा जा रहा है । त्योहारों के चलते बाजरो में भीड़ अधिक है और लोग जल्दी व सस्ते के चक्कर मे पड़ कर उक्त नकली सामान खरीद कर अपनी तथा घर वालो की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे है । छेत्र की कालूखेड़ा , मिररी कला , चन्दनखेड़ा , गोमापुर असोहा आदि साप्ताहिक बाजरो में बिकने वाले इन खाद्य सामग्रियों की दुकानों में त्योहारों के चलते भीड़ देखी जा सकती है ।

# सड़कों पर उतरे डीएम-एसपी, पैदल फ्लैग मार्च से दिया कड़ा संदेश

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। होली और रमजान जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह स्वयं सड़क पर उतरे और सफीपुर कस्बे में पैदल फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत परखी।

फ्लैग मार्च कस्बे के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील मोहल्लों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरा। अधिकारियों ने जगह-जगह रुककर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की। प्रशासन का साफ संदेश था कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आमजन के बीच सुरक्षा का भरोसा कायम करना और



असामाजिक तत्वों में कानून का भय उत्पन्न करना इस मार्च का मुख्य उद्देश्य रहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से संवाद कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन त्योहारों को लेकर पूरी तरह सतर्क है और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं एसपी ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी। सफीपुर में प्रशासन की इस सक्रियता से आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है, वहीं असामाजिक तत्वों के लिए यह कड़ा संदेश माना जा रहा है।

# धनुष यज्ञ का का आयोजन दर्शक हुए मंत्र मुग्ध

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज नगरपंचायत अचलगंज के ग्राम बलऊ खेड़ा स्थित महादेव मंदिर परिसर में बीती रात धनुष यज्ञ का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें आए राम लीला के विख्यात कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का कौशल दिखा कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया । जनक विलाप रावण बाणासुर संवाद व लक्ष्मण कार्यक्रम में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के शिव धनुष तोड़ते ही पूरा पांडाल सीता राम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। धनुष टूटने की आवाज सुनकर सभा मंडल में पहुंचे परशुराम का लक्ष्मण के बीच खूब कटाक्ष हुए। जिसका दर्शको ने तालिया बजा कर खूब आनंद उठाया। मंचन सोमवार देर सुबह तक चलता रहा । इसके पूर्व मंदिर में पूजन अर्चन के साथ भव्य श्रृंगार एवं भंडारा सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नगर पंचायत अचलगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव वर्मा ने कलाकारों का सम्मान किया ।कार्यक्रम में अंकित सिंह



परिहार ,अखिल गुप्ता ,रमेश लोधी कारीगर, मेवा लाल लोधी , राजेश यादव, हरपाल, सकट्टू सुरेश यादव ,कमलेश, रमेश , संतोश आदि मौजूद रहे।

# जूते की दुकान को शरारती तत्वों ने फूंका, सीसीटीवी में कैद हुआ नकाबपोश

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। कस्बे में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात ककरोई रोड स्थित एक जूता-चप्पल की दुकान को अज्ञात अराजक तत्वों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया।इस घटना में पीड़ित दुकानदार का करीब 7 लाख रुपये का माल जलकर राख हो गया है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। बताते चलें कि ग्राम मिजार्पुर अजिगांव निवासी पीड़ित अकील अहमद पुत्र बरकत अली ने बताया कि उनकी औरास के कबरोई रोड स्थित चौहान मार्केट में 'एल.बी. फुटवियर' के नाम से दुकान है।पीड़ित के अनुसार, बीते 27 फरवरी 2026 की रात करीब 12:40 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने दुकान पर कोई ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा दी। आग इतनी



भीषण थी कि देखते ही देखते दुकान के अंदर रखा सारा कीमती सामान खाक हो गया।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखा संदिग्ध

पीड़ित ने जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो उसमें एक अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति दुकान में आग लगाकर मार्केट से भागता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने आज 02 मार्च को औरास थाना प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### व्यापार मंडल ने की सख्त कार्रवाई की मांग

घटना के विरोध में औरास व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमला शंकर गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।इस दौरान महामंत्री सत्यम गुप्ता, कोषाध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, पूर्व महामंत्री नरेंद्र मिश्रा, जमुना प्रसाद गुप्ता, सोनेलाल शेखर, सलमान अहमद सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस का बयान

थाना प्रभारी संजीव कुमार कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान की जा रही है और पुलिस की टीमें जांच में जुटी हैं।जल्द ही आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने जहरीले कीड़े के काटने से मौत होने की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान रंजीत कुमार की पुत्री संध्या के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, संध्या अपने घर पर चारपाई पर लेटी थी। देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह अचेत हो गई।परिवार के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।परिवार का कहना है कि संध्या पूरी तरह स्वस्थ थी और उसे पहले कोई बीमारी नहीं थी। उनका मानना है कि चारपाई पर लेटे समय किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया होगा, जिससे शरीर में जहर फैल गया और उसकी जान चली गई। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। संध्या नवाबगंज स्थित श्यामलाल इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा थी।वह पढ़ाई में होशियार बताई जा रही है।उसके आकस्मिक निधन से गांव और स्कूल में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीमारी से पति की मौत मार्ग दुर्घटना में पत्नी की मौत

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। थाना पुरवा के मदारपुर गांव निवासी मुन्नी देवी (45), पत्नी स्व. हेमचंद, अपनी ननद रामवती के यहां देवान कटरी जा रही थीं। बताया जा रहा है कि उनके पति हेमचंद पिछले लगभग छह महीनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज जारी था। जहां आज सोमवार को सुबह लगभग 8 बजे हेमचंद का निधन हो गया। पति की मौत की सूचना मिलते ही मुन्नी देवी अपने बेटे अमित के साथ मोटरसाइकिल से वहां के लिए रवाना हुई थीं।खिन्नी मोड़ के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुन्नी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्साधिकारी डॉ. आदर्श सचान ने बताया कि महिला को अस्पताल लाए जाने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। वहीं पुरवा कोतवाली के सब-इंस्पेक्टर रामेश्वर ने बताया कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद बेटे अंकित और बेटी मोना का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

# जमीन पर कब्जा को लेकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में सोमवार को जमीन कब्जे को लेकर विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि भू-माफियाओं ने छुट्टी का फायदा उठाकर एक प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पहुंचे प्लॉट मालिकों और उनके परिजनों पर हमला कर दिया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया और बाद में वे न्याय की मांग को लेकर सदर कोतवाली पहुंचे। पीड़ित प्लॉट मालिकों विमला, कंचन देवी, कामिनी, गौरव कश्यप और धर्मेंद्र ने बताया कि ईदगाह कॉलोनी में स्थित उनकी जमीन पर लंबे समय से कुछ लोगों की नजर थी। सोमवार को सरकारी कार्यालयों में अवकाश का लाभ उठाकर कथित भू-माफिया अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्लॉट पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया, जिसकी जानकारी मिलते ही प्लॉट मालिक और उनके परिजन विरोध करने पहुंच गए। विरोध के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि कब्जा करने आए लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे कई लोग घायल हो गए। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई।पीड़ितों के अनुसार, उन्होंने इस मामले को लेकर पहले भी प्रशासन से शिकायत की थी। प्लॉट मालिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय में एडीएम, एसडीएम सदर और सदर विधायक पंकज गुप्ता से मिलकर न्याय की गुहार लगाई थी। हालांकि, कोई कार्रवाई न होने के कारण आरोपियों के हौसले बढ़ गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर घायल प्लॉट मालिक और उनके परिजन सदर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और मामले की जांच का आश्वासन दिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं था। हालांकि, जानकारी मिलने के बाद इसकी जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में बच्ची की मौत परिजनो ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। चार वर्षीय बच्ची की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मामला मेडिसिटी हॉस्पिटल से जुड़ा है, जहां बच्ची का प्रारंभिक उपचार चल रहा था।मानपुर सिकंदरपुर कर्ण निवासी नीरज विश्वकर्मा की चार वर्षीय बेटी आराध्य विश्वकर्मा को मेडिसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि उपचार के दौरान अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर अस्पताल प्रबंधन ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया।कानपुर में उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई। बेटी के निधन की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और वापस उन्नाव आकर मेडिसिटी हॉस्पिटल के बाहर विरोध प्रदर्शन करने लगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल के डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे बच्ची की हालत बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। उनका कहना है कि समय पर सही इलाज मिलता तो बच्ची को बचाया जा सकता था।हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने परिजनों को शांत कर उनकी शिकायत सुनी। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन से घटना की जानकारी ली है और उपचार से जुड़े दस्तावेजों की जांच की बात कही है। कोतवाली प्रभारी सीके मिश्र के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ने का प्रतीत होता है, लेकिन परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# दोस्त को गोली मारने वाला नाबालिग गिरफ्तार

## रील बनाने के विवाद में हुई थी घटना, आरोपी बोला- वो पिस्टल मांग रहा था

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , रील बनाने को लेकर हुए विवाद में एक नाबालिग ने अपने दोस्त को पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। घटना 28 फरवरी को हुई थी, जिसमें 17 वर्षीय नैतिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। कटरा थाना क्षेत्र के अरहान मोहल्ले का रहने वाला 17 वर्षीय नैतिक अपने नाबालिग दोस्त के साथ गहरी दोस्ती रखता था। 28 फरवरी को काकोरी इंटर कॉलेज के पास उसके दोस्त ने उसे गोली मार दी, जो नैतिक की छाती में लगी। गंभीर हालत में उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नैतिक की मां राधा जायसवाल ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी नाबालिग ने बताया कि उसके दोस्त ने रील बनाने के लिए उससे पिस्टल मांगी थी। जब उसने पिस्टल देने से मना किया, तो दोनों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर उसे फीलनगर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए हैं।आरोपी ने यह भी बताया कि उसके पिता की लाइसेंसी पिस्टल अलमारी में ताला लगाकर रखी रहती थी। घटना वाले दिन जब उसके पिता घर से बाहर गए थे, तो उसने



मौका पाकर अलमारी का ताला खोलकर पिस्टल निकाल ली थी। उसका दोस्त मोबाइल पर मैसेज करके रील बनाने के लिए पिस्टल मंगा रहा था।मैं मौका पाकर पिस्टल को साथ लेकर काकोरी स्कूल वाली गली में दोस्त से मिलने गया था। मैने पिस्टल को दोस्त को दिखाया तो उसने मुझसे पिस्टल मांगा तो मैन देने से मना कर दिया । इस बात को लेकर हम दोनों मे विवाद हो गया तब मैने दोस्त को पिस्टल से गोली मार दी । गोली उसकी बायी ओर छाती पर लगी। जिससे उसकी छाती पर खून दिख रहा था तब मैं पिस्टल लेकर मौके से भाग गया और पौकी मन्दिर के पास रेलवे लाईन पार करके खण्डर में मैने पिस्टल को छुपा दिया था ।

## सम्पादकीय

# हाई-प्रोफाइल मामलों में सीबीआई जांच पर सवाल

हाई-प्रोफाइल मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका हमेशा से जनचर्चा और राजनीतिक बहस का केंद्र रही है। जब जांच किसी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्तियों के खिलाफ हो, तब जांच एजेंसी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में हर कदम कानून की कसौटी पर परखा जाता है और जरा सी चूक एजेंसी की साख पर गहरा असर डाल सकती है। हालिया फैसलों ने एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किया जाना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने यह कहते हुए आरोप तय करने से इनकार कर दिया कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। अदालत की टिप्पणी कि साजिश का सिद्धांत अनुमान पर आधारित था, जांच एजेंसी की तैयारी और तथ्यों के संकलन पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाती है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है, किंतु निचली अदालत में मिली इस असफलता ने उसकी पेशेवर विश्वसनीयता को चुनौती दी है। इसी तरह, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को पंचकूला प्लॉट पुनः आवंटन मामले में बड़ी राहत देते हुए सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध का मामला नहीं बनता और आगे की कार्रवाई अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी। यह टिप्पणी न केवल मामले की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करती है, बल्कि जांच एजेंसी की विवेचना पद्धति पर भी सवाल खड़े करती है। इन दोनों मामलों की पृष्ठभूमि और राजनीतिक संदर्भ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन एक समान तत्व उभरकर सामने आता है हाई-प्रोफाइल मामलों में जांच की गुणवत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह। जब किसी मामले में 20 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाती है और अदालत आरोप तय करने से ही इनकार कर देती है तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं मानी जा सकती। यह संकेत है कि या तो सबूतों का पर्याप्त परीक्षण नहीं हुआ या फिर जांच की दिशा ही कमजोर आधार पर खड़ी थी। किसी भी मुख्यमंत्री चाहे वह सत्तारूढ़ दल से हो या विपक्ष से, गिरफ्तारी अत्यंत गंभीर कदम है। यह कदम तभी उठाया जाना चाहिए, जब जांच एजेंसी के पास पुख्ता और अदालत में टिक सकने वाले प्रमाण हों। अन्यथा, गिरफ्तारी स्वयं में राजनीतिक विवाद का कारण बन जाती है और एजेंसी की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों में विफलता का एक और आयाम है राजनीतिक ध्रुवीकरण। जब अदालतें आरोपों को खारिज करती हैं, तो विपक्ष को यह कहने का अवसर मिल जाता है कि जांच राजनीतिक प्रेरणा से की गई थी। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पक्ष एजेंसी की कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम बताता है। इस खींचतान में सबसे अधिक क्षति न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसी की साख को होती है। सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह पेशेवर दक्षता, पारदर्शिता और कानूनी मजबूती के साथ काम करे। जांच अधिकारियों के प्रशिक्षण, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक पद्धति और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर समन्वय जैसे पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

विवादित पाठ

प्रमोद भार्गव



# न्यायपालिका के साथ विधायिका व कार्यपालिका भी जवाबदेह बनें

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों में धर्म, इतिहास और प्राचीन भारतीय विज्ञान व ज्ञान परंपरा से संबंधित यदि कोई पाठ जोड़ा जाता है, तो वह अक्सर विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि लोकसभा में हंगामा होता है और बदली गई पाठों वाली पुस्तकें जलाई जाती हैं। अब एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक नया पाठ जोड़कर 'आ बैल मुझे मार' वाली कहावत को चरितार्थ कर किया है। इस पाठ के जरिए अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को कम उम्र से ही न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के साथ-साथ वास्तविक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की अदालतों में खूब भ्रष्टाचार है। कुछ समय पहले ही एक न्यायाधीश के निवास पर करोड़ों रुपये मिलने के बाद उन पर महाभियोग चलाने की बात भी उठी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में है। शायद इसीलिए इस पाठ में जवाबदेही के साथ महाभियोग प्रक्रिया का भी ज्ञान दिया गया है। क्या इससे भी बदतर स्थिति कार्यपालिका और विधायिका में नहीं है? यदि इस पाठ में संविधान के इन स्तंभों को भी जोड़ दिया जाता तो शायद यह पहल निर्विवादित रहती? लेकिन ऐसा न करके एनसीईआरटी में बेवजह एक नए विवाद को आमंत्रित कर दिया है। हालांकि, वकीलों द्वारा आपत्ति जताई जाने और सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में ले लिए जाने के बाद इस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यायपालिका ने इसे न्यायपालिका को सुनियोजित ढंग से बदनाम करने की साजिश माना है। न्यायालयों में पर्यापत भ्रष्टाचार है, लेकिन बिना किसी साक्ष्य के उस पर बात करना उचित नहीं है। जहां तक न्यायालयों में लंबित मुकदमों और न्यायाधीशों की कमी की बात है तो अदालतें स्वयं ही आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं। इन कमियों को सामने लाना न्यायपालिका की पारदर्शिता को जताता है। विधायिका में तो कई सांसद और विधायक सदन में सवाल पूछने की रिश्वत लेते समाचार चैनलों द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए हैं। ऐसे में यदि कार्यपालिका और विधायिका को भी इस पाठ में सम्मिलित कर दिया जाता तो विद्यार्थियों को यह पता चलता कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ भ्रष्टाचार से किस हद तक प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य हैं, वह भटकता रहता है। इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है, लेकिन नौकरशाही ऐसे कानूनों का वजूद बने रहना चाहती है, क्योंकि इनके बने रहने पर ही इनके रौब-रुतबा और पौ-बारह सुनिश्चित हैं। अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीष ग्रीष्म ऋतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक के लिए दो वर्ष का 'बाल सुरक्षा अवकाश' भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर, कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायालयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं, जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। सरकारी नौकरी में आर्थिक सुरक्षा और प्रतिष्ठा निर्मित हो जाने से बौद्धिक योग्यता और पद प्रतिष्ठा की एक नई संस्कृति पनपी है। यदि कोई युवक या युवती सिविल जज बन जाता है, तो वे सिविज जज से ही शादी करने लग गए हैं।



कूटनीति

अरविंद जयतिलक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है। अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

# भारत-इजराइल संबंधों का सुनहरा अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है।

दोनों देशों ने विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने के निर्णय के साथ ही भारत में इजराइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर भी हामी भरी है। इजराइल की मदद से भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना का भी निर्णय लिया है। दोनों देश एफटीए यानि (मुक्त व्यापार समझौता) पर आगे बढ़ते हुए दूसरे दौर की बातचीत मई माह में करने जा रहे हैं। इस यात्रा में पहले दौर की बातचीत का चरण पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने एफटीए के टर्म्स और रेफरेंस को लेकर गत वर्ष नवंबर माह में हस्ताक्षर कर चुके हैं। गौर करें तो दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में तकरीबन 3.62 बिलियन डॉलर का था और अब अगर एफटीए मूर्त रूप लेता है तो दोनों देशों के कारोबार में कई गुना वृद्धि होगी। अच्छी बात है कि अब भारत का यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इजराइल में भी चलेगा। दोनों देशों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमइसी) और आईटूयूटू (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता भारत के हित जुड़े हैं इसलिए हम आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहेंगे।

दोनों देशों ने बढ़ते कट्टरपंथ और आतंकवाद से निपटने के लिए आपसी कंधा जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है। गौर करें तो 2018 और उससे पहले 2002 में दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय समझौते को आकार देते हुए आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यदल का गठन किया था। आज वह कार्यबल, सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर आतंकवाद की भयावहता से निपटने की तकनीक को सीखने में भरपूर मददगार साबित हो रहा है। बहरहाल आतंकवाद से जूझ रहे इन दोनों देशों की परिस्थितियां भिन्न-भिन्न हैं, लेकिन समस्या एक जैसी है। जहां भारत पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है, वहीं इजराइल सीमा पार से फिलिस्तीन में डेरा जमाए आतंकी संगठन फतह और हमास से जूझ रहा है। अब दोनों देश मिलकर आतंक के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में एक मंच पर हैं। यहां ध्यान देना होगा कि अभी तक इजराइल से भारत की अति निकटता को दोधारी तलवार सरीखा माना जाता था।

यह कारण गिनाया जाता था कि चूंकि इजराइल और ईरान एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते, लिहाजा भारत को इजराइल से संबंध जोड़ने के मामले में फूंककर कदम रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल



यात्रा और बेंजामिन नेतान्याहू की भारत यात्रा ने इस मिथक को तोड़ दिया है। दोनों देश तेजी से एक-दूसरे के निकट आ रहे हैं। हालांकि भारत की घरेलू राजनीति में कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम वोटयुक्ति के लिए नेतान्याहू और मोदी की युगलबंदी पर लगातार तंज कसते रहे हैं ,लेकिन आम जनमानस दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्ते से खुश है। किसी से छिपा नहीं है कि भारत के अधिकांश राजनीतिक दल फिलिस्तीन के मुद्दे पर इजराइल के निकट जाकर मुसलमानों की नाराजगी मोल लेने से बचते हैं। गौर करें तो प्रधानमंत्री मोदी से पहले किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजराइल जाने की जहमत नहीं उठायी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतान्याहू ने पूर्वाग्रह के खोल से बाहर निकलकर भारत-इजराइल संबंधों को परवान चढ़ाया है। यहां ध्यान देना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान की भी यात्रा कर उसे भरोसा दे चुके हैं कि इजराइल से उसकी दोस्ती उसकी कीमत पर नहीं होगी। बदलते कूटनीतिक परिदृश्य में ईरान भी भारत की रणनीतिक सोच से अच्छी तरह अवगत है। उसका भारत पर विश्वास का ही नतीजा है कि वह चाबहार समझौते के लिए तैयार हुआ, जिसके जरिए भारत को चीन व पाकिस्तान पर नकेल कसने में मदद मिल रही है। गौर करें तो भारत-इजराइल दोनों देश उपनिवेशवाद के परवर्ती युग की उपज हैं और आज की तारीख में दोनों ही अपने शत्रुभाव रखने वाले पड़ोसी देशों से पीड़ित हैं। ऐसे में अगर दोनों देश प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को गति देते हैं तो निःसंदेह यह दोनों देशों के हित में होगा। गौर करें तो भारत और इजराइल के बीच प्रतिरक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

भारत इजराइली हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश है। भारत रक्षा हार्डवेयर के आयात में विश्व के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जबकि इजराइल इसका एक प्रमुख निर्यातक है। आज इजराइल ने उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्वयं को एक बड़े विकल्प के रूप में उभार लिया है। यहां ध्यान देना होगा कि इजराइल जिसकी अर्थव्यवस्था फिलिस्तीन युद्ध के कारण डांवाडोल होती रही है, को भी भारत के रूप में रक्षा उपकरणों के लिए एक बड़ा बाजार चाहिए। यही वजह है कि भारत के प्रति इजराइल की दिलचस्पी बनी हुई है। प्रतिरक्षा के अलावा व्यापार-कारोबार के क्षेत्र में भी दोनों देश नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। इजराइल भारत में निवेश करने वाले शीर्ष देशों में शुमार है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच इजराइल से 334.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ। इजराइल को कृषि विकास के क्षेत्र में महारत हासिल है।

दोनों देशों द्वारा औद्योगिक व प्रौद्योगिकी नवोन्मेश कोश के लिए आधी-आधी राशि का भुगतान, गंगा की सफाई, जल संरक्षण, परमाणु घड़ी के लिए सहयोग, जीईओ-एलईओ ऑप्टिकल लिंक, नैनो सेटलाइट को ऊर्जा इत्यादि पर भी तेजी से काम चल रहा है। भारत में निजी क्षेत्र ने भी इजराइली तकनीक में दिलचस्पी दिखायी है तथा बागवानी एवं सिंचाई के क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के उत्पादन के लिए टीवीएस का गठन किया गया है। फिलहाल दोनों देश आयात-निर्यात संतुलन को लेकर भी संजीदा हैं ताकि दोनों को कारोबार का समान लाभ मिले। भारत इजराइल को जेवरात, दवाइयां, औषधीय सामग्रियां, सूती धागे, वस्त्र, प्लास्टिक तथा लाइनोलियम इत्यादि निर्यात करता है। वहीं, इजराइल से मोती, कीमती पत्थर इत्यादि आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदा यात्रा से अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

## निंदा का परित्याग



संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित

प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों की सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहां से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

# संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य- मनोज शर्मा

अमन लेखनी समाचार



अमर नाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में होली के त्यौहार से पूर्व आयोजित वार्ता माला -

सार्वजनिक त्यौहार -

हमारे संवैधानिक दायित्व

मैं छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ,सम्माननीय वक्ता,

बार एसोसिएशन मथुरा के सचिव श्री मनोज शर्मा जी ने कहा कि भारत विभिन्न धर्मो के विभिन्न त्योहारों का विशाल देश जो विविधता में एकता का आदर्श प्रस्तुत करता है, जहां विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या रहती है उसके नागरिकों को सभी धर्मों का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार मनाने चाहिए । यह ध्यान रखना चाहिए कि राष्ट्रीय संपत्ति का नुकसान न हो। कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेयी ने मुख्य अतिथि श्री मनोज शर्मा की का उत्तरीय ओढ़ा कर स्वागत वंदन और अभिनंदन किया। प्राचार्य जी ने कहा कि हमारे सम्माननीय प्रिय पार्षद, बार एसोसिएशन के सचिव श्री मनोज शर्मा युवा हैं और अपनी विनम्रता,सौम्यता, कर्तव्य निष्ठा से युवा छात्र-छात्राओं के लिए एक आदर्श हैं। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने बृज की होली से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं । कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती पाठक एवं डॉ मांडवी राठौर ने किया।संयोजन शालिनी भारद्वाज ने किया। गुलाल, गुजिया और समोसा प्रसाद वितरण से कार्यक्रम संपन्न हुआ

## करंट अफेयर

### चीन में विधायिका के 19 सदस्य बर्खास्त किए गए

चीन की विधायिका ने अपनी वार्षिक बैठक शुरू होने से एक सप्ताह पहले 19 सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें नौ सैन्य अधिकारी शामिल हैं। देर बृहस्पतिवार की गई इस घोषणा में यह नहीं बताया गया कि इस सदस्यों को क्यों हटाया गया है, लेकिन आमतौर पर इस तरह की कार्रवाई को भ्रष्टाचार संबंधी जांच से जोड़कर देखा जाता है। चीन के नेता शी चिनफिंग द्वारा शुरू किया गया भ्रष्टाचार रोधी अभियान एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में इस अभियान के दायरे में सेना भी आयी है।



## ऑफ बीट

### रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण

तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं।



## ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन

संघ से लेकर भाजपा तक, राष्ट्रसेवा व समाज-कल्याण के लिए समर्पित 'भारत रत्न' नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के आजीवन पथप्रदर्शक रहे। नानाजी देशमुख को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### शांतिपूर्ण विरोध 'अपराध'

आज भारत में कंप्रोमाइज्ड पीएम के राज में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा "अपराध" बना दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को धीरे-धीरे ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साजिश बताया जाता है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### जनविश्वास का प्रतिबिंब

हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड पिछले एक साल में दिल्ली के लिए किए गए कार्यों का लेखा-जोखा है और विकसित दिल्ली का रोडमैप भी है। यह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में हुए ठोस कार्यों, बुनियादी सुविधाओं, बढ़ते जनविश्वास का प्रतिबिंब है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### कट्टर ईमानदार

एक बार फिर डा. अम्बेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके बनाए संविधान पर फख्र महसूस हो रहा है। बीजेपी व सारी एजेंसियों की हमें बेईमान साबित करने की तमाम कोशिशों के बावजूद आज साबित हो गया कि केजरीवाल-सिसोदिया कट्टर ईमानदार हैं।

- मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री, आप



**संक्षेप**

## रेभा गांव के लिए अंडरपास की मांग

### ग्रामीणों ने विधायक महाराजी प्रजापति को सौंपा ज्ञापन

अमेठी , बाईपास फेज-2 के निर्माण कार्य के बीच रेभा गांव के ग्रामीणों ने अंडरपास बनाने की मांग तेज कर दी है। ग्रामीणों ने इस संबंध में अमेठी की विधायक महाराजी प्रजापति को एक ज्ञापन सौंपा है।दरअसल, अमेठी कस्बे को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बाईपास फेज-2 का काम तेजी से चल रहा है। यह बाईपास रेभा गांव से होकर गुजरता है। अमेठी से रेभा होते हुए विशेषगंज जाने वाली सड़क पर प्रतिदिन पांच हजार से अधिक लोग आवागमन करते हैं, जिससे अंडरपास की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इससे पहले, एनएचएआई द्वारा यहां पानी निकासी के लिए एक रास्ता बनाया गया था, जिसका उपयोग ग्रामीण आवागमन के लिए कर रहे थे। हालांकि, लगभग एक सप्ताह पहले अधिकारियों ने इस रास्ते को बंद करने का प्रयास किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के विरोध के बाद कार्यदायी संस्था ने काम रोक दिया था। ग्रामीणों की मांग पर विधायक महाराजी प्रजापति ने जल्द ही एनएचएआई के अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ग्राम रेभा सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में हो रही असुविधा और सुरक्षा संबंधी समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लिया गया है। बच्चों, किसानों और आम नागरिकों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और संबंधित विभाग व एनएचएआई के अधिकारियों से वार्ता कर इस विषय में शीघ्र समाधान हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

## 11 मार्च को 308 जोड़ों का सामूहिक विवाह

### गौरीगंज आईटीआई मैदान में होगा आयोजन, सुबह 7 बजे से बायोमैट्रिक

अमेठी, 11 मार्च 2026 को 308 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज के पीछे स्थित मैदान (निकट विकास भवन, गौरीगंज) में होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने बताया कि जनपद को आवंटित लक्ष्य के अनुसार कुल 308 जोड़े इस समारोह में पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पात्र जोड़े प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 11 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले इस समारोह हेतु निर्धारित स्थल पर प्रातः 07 बजे से आवेदित पात्र जोड़ों का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन किया जाएगा। सभी पात्र जोड़ों से अपील की गई है कि वे समय से उपस्थित होकर बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि कार्यक्रम सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सके।

# होली त्योहार व रमजान माह के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच।होली त्योहार व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से रविवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा नगर क्षेत्रांतर्गत व थाना रिसिया में पैदल गश्त व फ्लैग मार्च किया गया।होली त्यौहार व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु डीएम व एसपी द्वारा पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए प्रमुख मार्गो पीपल तिराहा से घंटाघर चौकी होते हुए समस्त शहर क्षेत्र तथा थाना रिसिया क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। पैदल गश्त के दौरान आमजन को आश्वस्त किया गया कि बहराइच पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है।जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाले अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन व डायल-112 को दें। होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं प्रेम के साथ होली का पर्व मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# होली और रमजान के त्योहारों को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

## क्षेत्र में दिया सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन

अमन लेखनी समाचार / विनोद जायसवाल



बहराइच। होली रमजान त्यौहार फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया फ्लैग मार्च रानीपुर थाना से शुरू होकर प्रेमी दास कुट्टी बाजार, रामवापुर चौराहा, पिपारिया, गोबरहा शादियाबाद, एलिहा, और ताजपुर होते हुए संपन्न हुआ।इस दौरान पुलिस की टीम ने लोगों को शांति और सद्भाव के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत किया इस फ्लैग मार्च में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पुलिस का स्वागत किया, जिसमें महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने भी हिस्सा लिया और पुलिस की इस पहल का अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने पुलिस की इस मुहिम की सराहना की और शांति बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया इस अवसर पर थाना रानीपुर के पुलिस अधिकारी और फोर्स, बहराइच की पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे, जिन्होंने फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया और लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।प्रभारी निरीक्षक सन्तोष अवस्थी, उ0 नि0 दिनेश कुमार यादव, उ0 नि0 मन्तराम, उ0 नि0 विनोद कुमार पाण्डेय, उ0 नि0 योगेन्द्र यादव, एसआई विनोद राव, हे0 मो0 दिनेश कुमार यादव, का0 पुनीत कुमार, का0 विवेक जायसवाल, हे0 का0 अमित जायसवाल, हे0 का0 राजेन्द्र यादव, का0 भगवानदीन वर्मा, हेड कांस्टेबल शिवानंद, अमित यादव, अखिलेश यादव, कांस्टेबल राकेश भारती, कांस्टेबल आशुतोष पासवान, वीरेंद्र गहलोत सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# नयनज्योति आँख अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नयनज्योति आँख अस्पताल, कैसरगंज (बहराइच) द्वारा माता भगवती कुंज आश्रम, परसेंडी में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन लाडली प्रसाद वर्मा के सहयोग से सम्पन्न हुआ।शिविर में अस्पताल के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ. एम. के. गुप्ता द्वारा कुल 64 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।जांच के दौरान 12 मरीज मोतियाबिंद, 3 मरीज नाखूना तथा 1 मरीज नासूर से पीड़ित पाए गए, जिन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतु नयनज्योति आँख अस्पताल, कैसरगंज भेजा गया।इसके अतिरिक्त सभी मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित की गई तथा चश्मे की जांच कर जरूरतमंदों को मुफ्त चश्मे प्रदान किए गए।इस अवसर पर लाडली प्रसाद वर्मा (व्यवस्थापक, भगवती कुंज आश्रम), खुशहाल चौधरी, एस.पी. मिश्रा, राजीव गुप्ता, राजू गुप्ता, शिवम गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बसंतपुर ऊदल में कलयुगी पुत्र द्वारा माता पिता सहित चार लोगों की निर्मम हत्या

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। जिले में होली से पहले खूनी होली खेली गई। पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने के पैसे न मिलने से नाराज बेटे ने अपने मां-बाप, दादी व बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। सो रहे अन्य परिवारजन शोर शराबा सुनकर घर के आंगन में पहुंचे तो देखा कि चार लाशें खून से लथपथ पड़ी है। चारों ओर से घिरा देख आरोपी खुद पर भी ईट से हमला कर जान देने की कोशिश की।

गंभीर हालत में उसे बहराइच से लखनऊ के ट्रामा सेंटर को रेफर किया गया है। घटनास्थल का एसपी ने निरीक्षण किया। रुपईडीहा इलाके के बसंतपुर उदल में रात करीब 12:30 बजे जब पूरा गांव गहरी नींद में था, तब गांव निवासी बदलूराम के घर से उठी चीख-पुकार ने सन्नाटे को चीर दिया।

बदलूराम का बेटा निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने का पैसा न देने की बात को लेकर विवाद कर रहा था। बात इतनी बढ़ गई कि निरंकार अपना आपा खो बैठा और पास में रखी कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

बदलूराम को बचाने दौड़े उसकी 56 वर्षीय पत्नी संजू देवी, बेटी पार्वती व 80 वर्षीय मां सिताला को भी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दिया। रात में शोर शराबा सुन गांव के ग्रामीण बदलूराम के घर पहुंचे तो देखा कि आंगन में चार लार लाशें बिछी हुई हैं। खुद को ग्रामीणों से घिरा देख निरंकार ने भी अपने सिर पर ईंट से हमला कर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे बचा लिया। पुलिस ने निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीपी तिवारी ने बताया कि फोरेन्सिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 02 व 03 मार्च को संचालित रहेगी ओ.पी.डी. व ओ.टी. सेवाएं



अमन लेखनी समाचार

बहराइच।प्राचार्य, महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सामहाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच प्रो. डॉ. संजय खत्री ने बताया कि होली त्योहार के दृष्टिगत 02 व 03 मार्च 2026 को ओ.पी.डी. व ओ.टी. सेवाएं संचालित रहेंगी। जबकि 04 मार्च 2026 ओ.पी.डी. व ओ.टी. सेवाएं स्थगित/बंद रहेंगी। प्राचार्य डॉ. खत्री ने बताया कि 02 से 04 मार्च 2026 तक इमरजेन्सी सेवाएं आमजनमानस के लिए पूर्व की भांति चौबिसों घण्टे संचालित रहेंगी।

# आबकारी विभाग की छापेमारी

## 78 लीटर कच्ची शराब बरामद; 4 केस दर्ज, 250 किलो लहन नष्ट

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , जिले में जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत विभिन्न गांवों में छापेमारी कर 78 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही, 250 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया और आबकारी अधिनियम के तहत चार अभियोग पंजीकृत किए गए। होली पर्व के मद्देनजर अवैध कच्ची शराब की बिक्री और तस्करी रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। आबकारी टीम ने भवसिंहपुर, जलालपुर माफी, खेखरुआ, भूलीनगर, कचनाव और थौरी जैसे गांवों में आकस्मिक दबिश दी। यह कार्रवाई थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक और थाना जगदीशपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई के दौरान, ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। विभाग ने उनसे अपील की कि वे अवैध शराब के निर्माण या बिक्री से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर या संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर सूचना दें। इसके अतिरिक्त, जिले में आबकारी दुकानों का भी सघन निरीक्षण किया गया इस संयुक्त दबिश में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 चंद्रभान वर्मा, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक से पुलिस बल के दो उप निरीक्षक और समस्त आबकारी स्टाफ शामिल रहा। आबकारी स्टाफ में प्रधान आबकारी सिपाही तीरथनाथ और शमशेर कुमार, तथा आबकारी सिपाही संजय सरोज और सर्वेश वर्मा मौजूद थे।

# फाग की तान और गुलाल की फुहार के बीच भाजपा का होली मिलन संपन्न

## सदर विधायक के गायन पर झूमे कार्यकर्ता, एकजुटता का संकल्प

अमन लेखनी समाचार मथुरा




मथुरा। ब्रज की पारंपरिक आभा और उत्साह के बीच सोमवार को सौंख रोड स्थित होटल कृष्णा ग्रीन में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रंग, रस और संगठनात्मक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। वहीं पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा जैसे ही ब्रज के लोकस्वर में होली गीत की प्रस्तुति दी, पूरा पंडाल तालियों और उल्लास से गूंज उठा। चंग और ढप की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए तथा गुलाल और पुष्पवर्षा से एक-दूसरे का अभिनंदन किया। विधायक श्री कांत ने कहा कि ब्रज की होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक पारस पार्थ सारथी ने कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा पर चलने का संदेश दिया। राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, गोवर्धन विधायक मेघ श्याम सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ब्रज की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर बल दिया। वहीं महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल पूर्व नगर महामंत्री संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी रामकिशन पाठक चंद्रपाल कुंतल हरिओम शर्मा एडवोकेट महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा नितिन चतुर्वेदी अमित पाठक हेमंत खंदौली विजय शर्मा नितिन कौशिक लोकेश निषाद राजूचौधरी हाकिम सिंह टीटू अजय सिंह राजावत सुरेन्द्र सिंह सिरोही लोकेश अग्रवाल प्रकाश गौर एवं आशीषशर्मा आदि मौजूद थे

# पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

## बाप-बेटे की मौत, होली की खरीदारी करने जा रहे थे मार्केट

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , अल्हागंज थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों होली की खरीदारी करने बाजार जा जानकारी के अनुसार अल्हागंज थाना क्षेत्र के देहना गांव निवासी 32 वर्षीय रविराज अपने 11 वर्षीय बेटे पीयूष के साथ जलालाबाद बाजार जा रहे थे। गांव के बाहर जलालाबाद-फरुर्खाबाद स्टेट हाईवे पर उन्होंने एक ई-रिक्शा लिया। जैसे ही वे ई-रिक्शा पर बैठे और चालक ने वाहन आगे बढ़ाया, पीछे से आ रहे सीएनजी सिलेंडरों से लदे डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी।

### मौके पर ही हुई मौत

टक्कर इतनी भीषण थी कि रविराज और उनका बेटा ई-रिक्शा से बाहर जा गिरे और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।इस दुर्घटना में समापुर गांव निवासी ई-रिक्शा चालक सरवजीत और उनके पिता मुन्ना लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार जारी है।चालक फरार, पुलिस जांच में जुटीहादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। रविराज खेती-बाड़ी कर अपने परिवार- पत्नी रोशनी देवी, बेटे पीयूष और एक छोटे बेटे का भरण-पोषण करते थे।

# चोरी का खुलासा 7 मोटरसाइकिलें और एक ई-रिक्शा बरामद, तीन गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की सात मोटरसाइकिलें और एक ई-रिक्शा बरामद किया गया है।यह मामला फतनपुर थाना क्षेत्र के रायबट्टी पाल सिंह इंटर कॉलेज, बीरापुर से जुड़ा है।यहां बोर्ड परीक्षा देने आए एक छात्र की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। भदोही निवासी पीड़ित ने 23 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बेटे की हीरो स्प्लेंडर (वढ 66 अछ 6427) परीक्षा केंद्र से चोरी हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान फतनपुर क्षेत्र के सुवंसा नहर मोड़ के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रयागराज निवासी नमन सरोज (19), प्रतापगढ़ निवासी कृष्ण कुमार सरोज (28) और प्रतापगढ़ निवासी बबलू सरोज (20) के रूप में हुई है।इनकी निशानदेही पर चोरी की गई छह अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने रायबट्टी पाल सिंह इंटर कॉलेज, बीरापुर से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहले रेकी करते थे।गिरोह के कम से कम तीन सदस्य मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी की गई मोटरसाइकिलों को सुनसान झाड़ियों में छिपाकर बाद में सस्ते दामों पर बेच दिया जाता था

# डीएम-एसपी ने पीस कमेटी की बैठक की

## होली-रमजान पर भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से बचने की अपील

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, आगामी होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने एक संयुक्त बैठक की। यह बैठक व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और हिंदू-मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिकों के साथ आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से बचने और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने या शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान, डेरवा के एक ज्वैलरी व्यापारी ने जिलाधिकारी द्वारा शिविर लगाकर शस्त्र लाइसेंस वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और जनहितकारी बताया, जिसकी सराहना की गई। एक अन्य व्यापारी ने टिप्पणी की कि जब से जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिले की कमान संभाली है, तब से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिला है। उन्होंने दोनों अधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें ₹राम-लक्ष्मण की जोड़ी₹ तक कहा।

## संक्षेप

### जमीनी विवाद पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

#### मुगलपुरा मोहल्ले में कई घायल, पुलिस जांच में जुटी

बागपत , शहर कोतवाली क्षेत्र के मुगलपुरा मोहल्ले में शनिवार देर शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस के अनुसार, यह विवाद एक पुराने जमीनी मसले को लेकर शुरू हुआ। पहले दोनों पक्षों के बीच मामूली कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। मौके पर 20 से अधिक लोग एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाते दिखे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। बागपत शहर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतें मिली हैं और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी पूरे मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।

### कोतवाली में समस्या समाधान दिवस आयोजित

#### अधिकारियों ने सुनीं जन शिकायतें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

बागपत , बागपत शहर कोतवाली में शनिवार को समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में सीओ विजय चौधरी, एसडीएम अमरचंद और कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार उपस्थित रहे। समस्या समाधान दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। इनमें जमीन विवाद, पारिवारिक प्रकरण, राजस्व संबंधी मामले और अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल थीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान एक प्रमुख शिकायत भूमि विवाद से संबंधित थी। इसमें दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बात सुनी गई। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए और राजस्व टीम को स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कोतवाली प्रभारी ने पुलिस टीम को आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।एसडीएम अमरचंद ने बताया कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही पारदर्शिता के साथ किया जाए। इसका उद्देश्य लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाना है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर शांति और सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### नगरपालिका कर्मचारियों का प्रदर्शन

#### तीन माह से वेतन न मिलने पर धरना

बागपत, नगरपालिका के कर्मचारियों ने तीन माह से वेतन न मिलने के विरोध में नगर पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले तीन महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है।

# उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा गुलाल

## जनपद के पत्रकारों ने एकराय होकर मंच से दिया पत्रकार एकता का संदेश

अमन लेखनी समाचार




मथुरा : उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (आईजेयू) मथुरा इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय होटल में आयोजित किया गया जिसमें जनपद भर से सैकड़ों की संख्या में पत्रकारों ने जमकर रंग संग गुलाल खेलकर भरपूर लुत्फ उठाया। समारोह में मथुरा के दिग्गज वरिष्ठ पत्रकारों की सहभागिता ने पत्रकार एकता का एक नया संदेश देते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की

मुख्य अतिथि जिला सूचनाधिकारी प्रशांत सुचारी ने जनपद के पत्रकारों की समस्याओं लेकर शासन प्रशासन तक स्थानीय कार्यालय माध्यम से निराकरण कराने व यथासंभव प्रयास करने की बात कही। समारोह में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने पत्रकार एकता पर जोर देते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ संगठित होकर आवाज बुलंद करने की बात करते हुए प्रेस क्लब के शीघ्र गठन की बात रखी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार किशन चतुर्वेदी आपसी सामंजस्य साथ पत्रकार की वकालत की बात कही। डॉ विजय विद्यार्थी ने निर्भीक पत्रकारिता की बात करते हुए प्रखर लेखनी पर बल दिया। राजेश मिश्रा ने ऐसे विशुद्ध पत्रकारों के कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की। अजय शर्मा ने आपसी भाईचारे व पत्रकार एकता की बात कही

प्रकाश ठाकुर ने कहा कि किसी भी प्रकार के पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर पुरजोर विरोध की बात कही। अनूप शर्मा ने पत्रकारों से अपने हुनर व लेखन शैली को धारदार करने की बात कही। राकेश शर्मा ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की वहीं उमर कुरैशी ने पत्रकार एकता की बात कही। हेमंत शर्मा ने सहभागिता पर हर्ष जाहिर किया। गिरधारी लाल श्रोतीय ने होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। मोहनश्याम शर्मा ने उपस्थित पत्रकारों की संख्याबल देखकर हर्ष व्यक्त ने मेरा दिल जीत लिया है। राजकुमार तोमर ने समारोह के सफल आयोजन की बधाई दी। समारोह में सम्मिलित समस्त पत्रकारों ने सफल आयोजन के लिए उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आईजेयू एवम उनकी टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की । कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार मधुसूदन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विनीत मिश्र, दीपक बैंकर, सुशील गोस्वामी, रवि यादव, सुमित गोस्वामी, सुभाष सैनी, परवेज अहमद, मफतलाल अग्रवाल, योगेश भारद्वाज, रमेश चंद, रवि चौधरी, सतीश अंशुमन, लोकेश चौधरी, अमित भार्गव, सुरेश सैनी, मातुल शर्मा, बी एल पांडेय, प्रवेश चतुर्वेदी, बालकृष्ण अग्रवाल, शिवांगी चौधरी, मंत्रवीर चौधरी, सुमित गोस्वामी, अंशुल शर्मा, गौरव शर्मा, रवि बघेल, गिरीश ठाकुर, प्रेम चतुर्वेदी, वीरनारायण शर्मा, विवेक चतुर्वेदी, धनीराम खंडेलवाल, अन्नू पंडित, श्याम मोनू चतुर्वेदी, योगेश गौतम, अभिषेक दत्त चतुर्वेदी, गोपाल चतुर्वेदी, पी के दुबे, आरती शर्मा, रिंकू शर्मा, बॉबी जादौन, भिक्को गौतम, कौशल गौतम, आर के धनगर, जगजीत तिवारी, सैय्यद जाहिद, राजू पंडित, मनोहर पटेल, मोहन मीना, नीरज चतुर्वेद, राजू चौहान, ब्रज कुमार, जितेंद्र भारद्वाज, अजय अग्रवाल, शिवशंकर शर्मा, मीरा शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक सारस्वत, नरेन्द्र गौतम, दिनेश भारती, पीयूष यादव, हिमांशु, दीपक खंडेलवाल, राजेश सोलंकी, गोपाल कौशिक, चंद्रमोहन दीक्षित, कासिम अब्बास, शिवकुमार तोमर, राहुल कुमार, ब्रिन्देश चतुर्वेदी, आदित्य आहूजा, पीयूष सारस्वत, नितिन कर्दम, बंटी कुमार, साहिल, आबिद, कपिल सिंह, सोनू, मुरली ठाकुर, दलवीर विद्रोही, पिंटू सिंह, प्रतीक चतुर्वेदी, कल्लन पंडित, राहुल गौड़, रवनीत मैसी, हिमांशु शर्मा, सचिन चौरासिया, अमन मिश्रा, कालीचरण बिंदल, मनीष शर्मा, मनोज कुमार, अवधेश रावत, आकाश शर्मा, भागवत गौतम, मनोज कुमार शर्मा, रमन, गोपाल ठाकुर, डॉ वीरेंद्र शर्मा, पी के आर्य, सुरेश त्रिपाठी, सोनू गौड़, सर्वजीत सिंह, वीपीएस खुराना, विकास गौतम, अभिषेक गौड़, ब्रजवासी लाल, हेतराम सिंह, मयंक, ललित अग्रवाल, विष्णु शर्मा, गुंजन खत्री, मोरमुकुट शर्मा, राहुल वर्मा, विपिन गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हिंदू सम्मेलन में एकता का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार

मथुरा में आज श्री जी नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम संचालक दीपक चौधरी महानगर मंत्री भारतीय किसान संघ द्वारा संचालन किया गया कार्यक्रम में साध्वी माँ ध्यानमूर्ति जी ,श्री गंगा दास महाराज जी ,श्री प्रेमदास महाराज जी , प्रोफेसर विद्युत्मा बहन जी ,विभाग संयोजिका मातृ शक्ति प्रियंका बेहन जी विश्व हिंदू परिषद , राजवीर जी जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, पार्षद अभिजीत जी व अन्य संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे, कार्यक्रम में भारत माता की आरती ,वन्दे मातरम ,पंच तत्व ,विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गईं , साध्वी माँ ध्यान मूर्ति जी द्वारा हिन्दुओं को पाँच संकल्प दिलाए गए,जिससे हिन्दू एकजुट हों और जाति में नहीं बाटे गंदी मानसिकता रखने वाले लोग हम सभी हिंदुओं को आपस में बांटने का काम कर रहे हैं और भारत में अपना प्रथम लहराना चाहते हैं यह भारत देश हिंदू संस्कृत देश है जिसे हम हिंदू बैठने और काटने नहीं देंगे ऐसे ही पूरे भारतवर्ष में सभी हिंदू सनातनी भाइयों के द्वारा जगह गली मोहल्ले में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर भारत के सभी हिंदुओं को हिंदू जागरूकता का संदेश दिया जाएगा और एक साथ मिलकर रहने का आग्रह भी किया जाएगा कार्यक्रम में भारी संख्या में हिंदू सनातन एकता के कार्यकर्ता व समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया।

## महिलाओं ने समाज सेवा के लिए उठाया कदम पीड़ित महिलाओं के लिए बनी मिसाल

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। समाज में सेवा समर्पण का भाव रखने वाली समाजसेविका शोभा चौधरी एवं एडवोकेट पूनम सिंह के द्वारा लगातार समाज में महिलाओं को उनका हक दिलाना उनके लिए जमीनी स्तर से संघर्ष करके न्याय दिलाने में पीछे नहीं है धीरे-धीरे महिलाओं के लिए रात दिन एक कर अपने एनजीओ के माध्यम से विशेष जानकारी देकर उन्हें प्रगतिशील और संघर्षील बनाने में मदद कर रही हैं ऐसे में शोभा चौधरी जो की DNT बारा समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष है और उत्तर प्रदेश की महिला प्रेसिडेंट भी है वह सुनील आर्य हरीश नायक के साथ मिलकर बारा समाज की महिलाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है कुछ दिन पूर्व जीनत नाम की लड़की को NGO संपूर्णा के फाउंडर डॉक्टर शोभा विजेंद्र एवं समाज सेविका सुभाष चौधरी पूनम सिंह एडवोकेट के द्वारा बच्ची को पुलिस की मदद से न्याय दिलाया गया यही नहीं उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में जाकर और भी



समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपना योगदान देती है उत्तर प्रदेश के मथुरा में कुछ दिन पूर्व लगभग 90 दिनों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें दत्तात्रेय धाम की प्रमुख एडवोकेट पूनम सिंह के द्वारा ब्रज के समस्त तीर्थ स्थलों में वृंदावन मथुरा गोकुल बरसाना नंदगांव गोवर्धन की परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश देते हुए बहुत ही सुंदर कार्य किया गया इसे देखते हुए ब्रज के लोगों के द्वारा समाज सेविका एडवोकेट पूनम सिंह एवं शोभा चौधरी का बहुत ही हर्ष के साथ सम्मान किया

## अंतर्राष्ट्रीय रक्षा पत्रकारों ने भारतीय सेना की त्वरित मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) क्षमताओं को देखा

अमन लेखनी समाचार

मथुरा।25 देशों के 28 अंतर्राष्ट्रीय रक्षा पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित भारतीय सेना की इकाई का दौरा किया जो मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों में विशेषज्ञता रखती है।इस दौरे से भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ और संबंधित इकाई की उच्च स्तरीय परिचालन तत्परता, विशेष प्रशिक्षण और भारत तथा विश्व भर में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में कार्य करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को उजागर किया गया। इस दौरे में एचएडीआर अभियानों से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। त्वरित तैनाती को सक्षम बनाने वाले योजना ढांचे, तैयारी प्रोटोकॉल और निष्पादन तंत्रों की व्याख्या की गई। प्रतिनिधिमंडल को त्वरित लामबंदी समय-सीमा, नागरिक प्रशासन और मेजबान सरकारों के साथ संरचित



समन्वय और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा और रसद सहायता प्रदान करने के लिए इकाई के समर्पित एचएडीआर टास्क फोर्स के परिचालन एकीकरण के बारे में भी जानकारी दी गई।इस ब्रीफिंग में भारत द्वारा संकट के दौरान मानवीय पीड़ा को कम करने के उद्देश्य से त्वरित, समन्वित और मानवीय प्रतिक्रिया उपायों पर जोर दिया गया इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण विशेषीकृत मानवीय सहायता और बचाव (एचएडीआर) उपकरणों का व्यापक प्रदर्शन था। पत्रकारों को उन्नत बचाव उपकरण, जलयान और बाढ़ राहत उपकरण, पोर्टेबल पुल प्रणाली और विशेष चिकित्सा किट दिखाए गए, जो कठिन परिस्थितियों में बड़े पैमाने पर हताहतों के प्रबंधन के लिए डिजाइन किए गए हैं।इस संवाद ने भारतीय सेना की भूमिका को न केवल एक युद्ध-तैयार बल के रूप में, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, मानवीय सहायता और अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भी मजबूत किया।

## श्री अलबेली सरकार मंदिर पर जमकर उड़ा गुलाल भक्तों ने खेली फूलों की होली

अमन लेखनी समाचार

मथुरा।बरसाना और नन्द गाँव के बाद होली का धमाल भगबान कृषण की जन्मभूमि मथुरा के बाद इसी रंगों के महोत्सव को आज बड़ी धूमधाम से अनेक श्री जी के भक्तों द्वारा ब्रज के और मथुरा के परम दिव्य स्थान श्री अलबेली सरकार मंदिर पर उत्सव के रूप में मनाया गया और इस अवसर पर मंदिर को अनेक प्रकार के रंग-बिरंगे रूप में तैयार किया गया श्री अलबेली सरकार और श्री जुगल सरकार के विग्रह को होली के महोत्सव के अवसर पर विशेष श्रृंगार और पोशाक धारण कराई गई साथ ही ब्रज के रसिक भक्त कलाकारों द्वारा होली गायन का प्रस्तुतीकरण किया गया कलाकारों में गौरशी शर्मा, प्रियांशी शर्मा , प्रियम शर्मा ने अपनी भजन गायकी से सभी भक्तों को आनंद में झूमने को विवश कर दिया।श्री अलबेली सरकार मंदिर पर होली खेलने आये भक्तों पर होली का खुमार सर चढ़ बोल रहा था । भक्तों भगवान श्री कृष्ण के प्रेम रंग में सराबोर होकर होली का आनंद ले रहे थे ।राधाकृष्णा की प्रेम भरी होली के रंग मै रंग उठा



और उड़त गुलाल लाल भये बद्र की गूँज गूंजने लगी. लीला मंच पर जैसे ही राधा क्रिशन के स्वरुप तथा उपस्थित लोगों ने फूलों कीहोली खेलना शुरू किया तो बहां मौजूद श्रद्धालु अपने आप को रोक ना सके, राधा रानी मंदिर खेली गई इस अनोखी होली मै भाग लेकर हर कोई श्रद्धालु अपने को धन्य माना रहा था।

## 18 लाख की धोखाधड़ी में तीन गिरफ्तार

### नकदी, चेक और बाइक बरामद, बैंक अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने बैंक खाते से लगभग 18.94 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1.95 लाख रुपये नकद, 3 लाख रुपये का एक चेक, तीन मोबाइल फोन और धोखाधड़ी के पैसों से खरीदी गई एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है।पीड़िता ने 26 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पंजाब नेशनल बैंक खाते से अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी कर बड़ी रकम निकाल ली है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने 28 फरवरी 2026 को तीनों आरोपियों अब्दुल वाहिद (लोनी, गाजियाबाद), मुकेश (मेरठ) और ओमप्रकाश (लोनी, गाजियाबाद) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, मुख्य आरोपी अब्दुल वाहिद ने खुलासा किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक अधिकारियों से मिलीभगत की थी। आरोप है कि उन्होंने पीड़िता के खाते की गोपनीय जानकारी प्राप्त की, मोबाइल नंबर बदलवाया और ढठइ वन ऐप के माध्यम से नया पिन बनाकर खाते को सक्रिय किया।इसके बाद, 11 लाख रुपये से अधिक की राशि विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर निकाली गई। आरोपियों ने बताया कि इस रकम का एक हिस्सा बैंक मैनेजरों को कमीशन के तौर पर दिया गया था,



जबकि शेष पैसों का उपयोग निजी खर्चों और खरीदारी के लिए किया गया। बरामद की गई मोटरसाइकिल भी इसी धोखाधड़ी के पैसों से खरीदी गई थी।

पुलिस के मुताबिक, तीनों आरोपी शेष बची हुई रकम का बंटवारा करने के लिए एकत्र हुए थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बरामदगी के आधार पर मामले में अतिरिक्त धाराएं जोड़ी गई हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, कुछ आरोपियों के खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।इस पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

## विशाल नववर्ष मेला 18 मार्च को मुख्य आकर्षण होगा संगीतमय कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। नववर्ष मेला समिति के तत्वावधान में नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष) की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले विशाल नववर्ष मेला के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में इस वर्ष नवसंवत्सर 2083 पर एक दिवसीय विशाल नववर्ष मेला 18 मार्च को सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित होगा। मेला की तैयारी के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। मेला का मुख्य आकर्षण अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि, चित्रकार एवं गायक बाबा सत्यनारायण मौर्य की संगीतमय प्रस्तुति ₹एक शाम राष्ट्र के नाम ₹ का मंचन होगा । नववर्ष मेला समिति मथुरा की शुक्रवार की रात्रि को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित बैठक में मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया है कि इस वर्ष नवसंवत्सर 2083 के अवसर पर आयोजित होने वाला विशाल नववर्ष मेला 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। रजत



जयंती वर्ष में मेला स्मारिका का प्रकाशन होगा, जिसका विमोचन मेला के दिन 18 मार्च को मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। महामंत्री ने बताया है कि प्रतियोगितायें 15 मार्च से होंगी, जिसमें रंग भरो, पोस्टर बनाओ, मेंहदी प्रतियोगिताएं सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में होगी। 17 मार्च को सामान्य ज्ञान एवं निबंध प्रतियोगिताएं कृष्ण चन्द गांधी सरस्वती विद्या मंदिर में और 18 मार्च को रंगोली, रुपसज्जा, एकल नृत्य, समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं मेला स्थल सेठ बी०एन०पोद्दार इन्टर कॉलेज पर होंगी। एकल व सामुहिक नृत्य का ट्रायल (परीक्षण) 16 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में होगा। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिया जायेगा। सहभागिता पुरस्कार सभी प्रतिभागियों को दिया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन मेला अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने एवं संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। बैठक में आचार्य बृजेंद्र नगर, डॉ० संजय, ललिता गुप्ता, मंत्री डॉ० दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, रजत बाल्मीकि, सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, प्रचार प्रमुख विशाल रुहेला, सह प्रचार प्रमुख समीर बंसल, जीपीएस सिसोदिया, प्रदीप अग्रवाल, मदन मोहन राजपूत, डॉ० सीमा मिश्रा, रजनी भट्ट, डॉ० जमुना शर्मा, राजीव पाठक, राजीव कृष्ण, प्रदीप अग्रवाल, बृजभान गोस्वामी, कौशल अग्रवाल, हरस्वरूप यादव, तरुण सैनी, रामदास चतुर्वेदी, डॉ० नीतू गोस्वामी, डॉ० रिचा अग्रवाल, राजेश पचौरी, अजय शर्मा, सुनील अग्रवाल, फूलचंद शर्मा, सुरेश कुमार, एमडी आचार्य, विनय कुमार, तपेश भारद्वाज, अनुराग चतुर्वेदी, गौरव शर्मा, कृष्ण यादव, देवेश कुमार, महावीर सिंह, ब्रजनंदन सिंह, दीपेश कुमार श्रीवास्तव, उमेश शर्मा, रविंद्र प्रताप सिंह, अथर्व पांडे एवं नयन शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 हजार करोड़ के घोटाले में शामिल वांछित गिरफ्तार

### 50 हजार का था इनाम, एसटीएफ नोएडा ने हरियाणा से पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,करोड़ों के जीएसटी घोटाले में लिप्त 50 हजार के इनामी बदमाश को एसटीएफ नोएडा ने हिसार से गिरफ्तार किया है।इसका नाम बलदेव उर्फ बल्ली है। नोएडा के सेक्टर-20 थाने से वांछित चल रहा था। राज कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने बताया कि 27 फरवरी को जानकारी मिली कि बल्ली उर्फ बलदेव हिसार में है।इस सूचना को विकसित करने के बाद एसटीएफ नोएडा की टीम द्वारा बलदेव उर्फ बल्ली को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर बताया कि उसकी उम्र लगभग 38 साल है। उसने साल 2012 में पंजाब यूनिवर्सिटी से एमबीए किया है।बताया कि वह मूलरूप से जनपद हिसार, हरियाणा का रहने वाला है।बलदेव उर्फ बल्ली ने बताया कि उसने 2012 में हिसार में मेडिकल स्टोर खोला था। इसमें कोई लाभ न होने के कारण मेडिकल स्टोर को बंद कर दिया। 2014 में हिसार में रहकर पुरानी गाडियों की खरीद-फरोख्त का काम करने लगा

## 100 लोगों से 70 लाख की ठगी

### दो गिरफ्तार, विदेश में नौकरी का झांसा; प्रोसेस के नाम पर लेते थे 2.50 लाख

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,थाना सेक्टर-126 पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग 100 से ज्यादा लोगों से 70 लाख की ठगी कर चुके है।प्रोसस के नाम पर एक-एक व्यक्ति से करीब ढाई लाख रुपए तक वसूल किए। इनके पास से काफी डेटा भी मिला है। इनके नाम नियाज अहमद उर्फ अरमान निवासी महाराजगंज दिल्ली और राजू शाह निवासी सीवान, बिहार हुई।इनके पास से नौ भारतीय पासपोर्ट, चार मोबाइल फोन, 73,500 रुपये नगद बरामद किए गए।

#### पुलिस के ट्रैप में फंसे दोनों शातिर

तमिलनाडु के त्रिचुरापल्ली निवासी श्री तिरूमूर्ति ने नोएडा पुलिस से संपर्क किया। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात जालसाजों ने उसे विदेश में नौकरी का विज्ञापन दिखाकर लगभग डेढ़ लाख रुपए ठग लिए है।प्रोसेस को नाम पर और पैसा मांग रहे है।उसे रकम लेकर सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा



बिल्डिंग के पास बुलाया गया है।जानकारी मिलते ही पुलिस ने प्लानिंग की। सेक्टर-126 की पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाई और घेराबंदी की। योजना के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दोनों को वाट्सऐप कॉल करके बुलाया। दोनों सफेद रंग की टाटा नेक्सन कार से आने की बात कही। करीब 20 मिनट बाद जैसे ही कार पहुंची, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए ऊटक टी-प्वाइंट पर वाहन को रोक लिया। दोनों को गिरफ्तार किया।

## स्काईवॉक में टेक्निकल फॉल्ट को किया जाएगा दूर

### बीम हटाने से पहले की जाएगी फ्रेमिंग, इसी पर रहेगा स्टेशन का भार

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,ब्लू लाइन के सेक्टर-52 और एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन को जोड़ने वाला स्काईवॉक जल्द शुरू किया जाएगा। इस स्काईवॉक में सेक्टर-51 की बीम को लेकर आई टेक्निकल समस्या को अब दूर किया जाएगा। ये बीम सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के एंट्री पर है।जिस पर पूरे प्लेटफार्म और मेट्रो स्टेशन का भार टिका है।

#### बीम के स्थान पर करेंगे फ्रेमिंग

इसको हटाने से पहले स्ट्रक्चर जांच की गई। अब इसकी फ्रेमिंग की जाएगी। इसका फ्रेम तैयार कर लिया गया है। संभवता एक महीने में इस फ्रेम को लगा



दिया जाएगा। इसके बाद इस स्काईवॉक को आम लोगों के लिए खोला जा सकता है।हालांकि अब भी सेफ्टी मेजर इश्यू से बचने के लिए आईआईटी से रिपोर्ट लेंगे।बताया गया कि सेक्टर-52 की तरफ भी एक बीम है।जिसे हटाया नहीं जाएगा बल्कि इसे रैंप का रूप दिया जा सकता है। स्काईवॉक का निर्माण जून 2023 में शुरू हुआ था।इसे महज पांच महीने में पूरा किया जाना था, लेकिन अब तक काम अधूरा है।इस दौरान प्राधिकरण करीब 40 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है। मौजूद हालत में मुसाफिर दोनों स्टेशन पर सड़क के रास्ते से जाते है। बनाया गया पाथ वे भी बंद है।

# सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च को होगा शपथग्रहण समारोह : अशोक प्रसाद श्रीवास्तव

**–वकीलों का प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज में मुख्य अतिथि व वाराणसी में विशिष्ट अतिथिगण से मिलकर आमंत्रण पत्र दिया।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च 2026 को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनाने के लिए प्रयागराज जाकर न्यायमूर्ति जय प्रकाश तिवारी उच्च न्यायालय इलाहाबाद से एवं विशिष्ट अतिथि हेतु श्रीनाथ त्रिपाठी एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ इंडिया) एवं बिनोद कुमार पाण्डेय एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ यू.पी.) से वाराणसी में मुलाकात की और आमंत्रण पत्र दिया, जिसे सभी अतिथियों ने स्वीकार कर लिया। प्रतिनिधि मंडल में सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एड.,पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड, पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश द्विवेदी एड.निवर्तमान महामंत्री अखिलेश पाण्डेय एड. व कोषाध्यक्ष वंशीधर पांडेय एड शामिल रहे।

# लोखंडवाला अंधेरी में होली स्नेह सम्मेलन सम्पन्न



**अमन लेखनी समाचार**

अंधेरी ,समर्थनगर लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स रेजीडेंट्स एसोसिएशन ' अंधेरी पश्चिम के तत्वाधान में लोखंडवाला स्थिति गार्डेन नंबर -2 में भव्य होली स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अजय माहेश्वरी के संयोजन में एक हास्य कवि सम्मेलन का भी शामिल किया गया। हास्य सम्राट सुरेश मिश्र के अद्भुत संचालन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कानपुर के कवि हेमंत पांडेय, हास्यावतार आशकरण अटल, आगरा से पधारे रमेश मुस्कान, लाफ्टर चैंपियन फेम सुनील सावरा, अभिनेत्री व शायरा लता हया ने श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। श्रोताओं में भारी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। संस्था की अध्यक्षा इंद्राणी राय,जनरल सेक्रेटरी श्रीमती ग्लेडिस श्रेयान, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, नंदू खानविलकर ने आगंतुक मेहमानों और कवियों का शॉल और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत समारोह का संचालन और आभार अजय माहेश्वरी ने अनूठे अंदाज में किया।

# राशन के लिए दर-दर भटक रहे गरीब, बरहमोरी में फूटा जनाक्रोश

**होली से पहले भी नहीं मिला फरवरी का राशन, ग्रामीणों का प्रदर्शन – कोटेदार पर कार्रवाई की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**



कोन (सोनभद्र)। विकासखंड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहमोरी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। महीनों से समय पर राशन न मिलने से परेशान ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और कोटेदार पर तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी नियमों के अनुसार निर्धारित तिथि पर राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद परिवारों को बार-बार कोटेदार की दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें राशन खत्म होने या वितरण न होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। इससे क्षेत्र के दर्जनों परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है। सबसे गंभीर बात यह बताई जा रही है कि फरवरी माह का राशन भी होली जैसे प्रमुख त्योहार से पहले वितरित नहीं किया गया। पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों की आजीविका पहले ही सीमित है, ऐसे में सरकारी राशन ही गरीब परिवारों का मुख्य सहारा है। राशन न मिलने से कई घरों में चूल्हा जलाना तक मुश्किल हो गया है। महिलाओं और बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें कई-कई बार दुकान पर जाना पड़ता है, जिससे समय और मजदूरी दोनों का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों में तो दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र के अन्य गांवों को साथ लेकर बड़ा जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा नियमित और पारदर्शी तरीके से राशन वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि गरीबों को उनके अधिकार से वंचित न होना पड़े। प्रदर्शन में विनय कुशवाहा, कन्हैयालाल, राघवेन्द्र, जितेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, श्रवण कुमार, रामभोग, रजवंती, मालती, सिरपतिया, फूल कुमारी, सोमरी देवी, फूल पतिया सहित दर्जनों महिलाएं एवं बुजुर्ग शामिल रहे। इस संबंध में खाद्य पूर्ति निरीक्षक ओबरा निर्मल सिंह ने फोन पर बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है तथा शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित बोलेरो का कहर : राहगीर समेत चार मवेशी चपेट में, युवक गंभीर हालत में रेफर



**अमन लेखनी समाचार**

बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र के शांति नगर में रविवार सुबह तेज रफ्तार और अनियंत्रित बोलेरो ने जमकर कहर बरपाया। वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चार मवेशी उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरसोती निवासी एक युवक बोलेरो वाहन से पुनर्वास की ओर जा रहा था। इसी दौरान शांति नगर स्थित बैढ़न बाईपास रोड पर वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे जा रहे कन्हैयालाल पुत्र अशोक पाल, निवासी शांति नगर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कन्हैयालाल सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश में था। इसी हड़बड़ाहट में कुछ दूरी पर उसने सड़क पर मौजूद चार मवेशियों को भी रौंद दिया। इस दुर्घटना में दो मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल एनटीपीसी स्थित धन्वंतरी चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

# 150 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़, 1 अभियुक्त गिरफ्तार**

**आयशर गुड्स कैरियर वाहन संख्या डऊ19 8751 से 150 किग्रा नाजायज गांजा बरामद।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 28.02.2026 को समय करीब 20.55 बजे वाराणसीझशक्तिनगर मार्ग पर टाटा मोटर्स शो-रूम के आगे सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में खड़े आयशर गुड्स कैरियर वाहन संख्या डऊ19 8751 की तलाशी ली गई। वाहन चालक अनन्ता द्वारी पुत्र चौधरी द्वारी निवासी जनपद अंगुल (उड़ीसा) से पूछताछ एवं नियमानुसार तलाशी के दौरान वाहन में लदे एल्यूमिनियम बंडलों के पीछे छिपाकर रखे 08 प्लास्टिक बोरों में कुल 150 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लाखों रुपये आँकी गई है। अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, नगद धनराशि एवं वाहन संबंधी दस्तावेज भी बरामद किए गए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 159/2026 धारा 8/20/27ए/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है अनन्ता द्वारी पुत्र चौधरी द्वारी निवासी नुनुकापासी बोइंडा, थाना हण्डपा, जनपद अंगुल (उड़ीसा), उम्र लगभग 39 वर्ष।

# राजस्थान के राज्यपाल से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**अमन लेखनी समाचार**



जयपुर। राजस्थान सरकार के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली तथा जगद्गुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में मीडिया एस.वी- ब्लॉग के पांच दिवसीय कार्यशाला में शामिल होने आए नासिक परिसर के प्राध्यापक ,मीडिया समन्वयक एवं संयुक्त शिक्षक संघ (अखिल भारतीय नई दिल्ली) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रंजय कुमार सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की, राज्यपाल से मुलाकात के दौरान डॉ सिंह के नेतृत्व में नासिक , जयपुर एवं रणवीर परिसर जम्मू के प्राध्यापकों तथा संगठन के पदाधिकारियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुभाषचंद्र मिश्र, राष्ट्रीय कार्यकारणी की सचिव डॉ प्रीति शर्मा , महिला कार्यकारणी सचिव डॉ लक्ष्मी शर्मा और जम्मू परिक्षेत्र के संगठन सचिव डॉ प्रवीन कुमार शर्मा ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के समस्त परिसरों, आदर्श महाविद्यालयो तथा देश के समस्त संविदा /अतिथि प्राध्यापकों/आउटसोर्स कर्मचारियों की वर्तमान नियुक्ति प्रक्रिया तथा स्थायीकरण की समस्याओ के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया। डॉ सिंह ने राज्यपाल महोदय को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश तथा दिशा निर्देश भी है कि ₹समान कार्य समान वेतन₹ को संविधान के नीतिनिदेशक तत्व अनुच्छेद 39 और अनुच्छेद 14,15 व 16 समानता का अधिकार का जो सिद्धांत है वह सम्पूर्ण देश में लागू किया जाय। एक संविधान एक विधान एवं सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली केंद्र की वर्तमान सरकार अब तक लागू नहीं कर पाई। संस्कृत भाषा में शपथ लेने वाले विधायकऔर सांसद केवल जनता में संदेश देने के लिए शपथ तो लेते है ,लेकिन इस भाषा के प्रचार प्रसार में तथा सभ्यता -संस्कृति के लिए दिन रात राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय को विधानसभा और संसद में प्रश्न उठाकर सरकार का ध्यान नहीं आकर्षित करते है। राज्य में केंद्र के प्रतिनिधि राज्यपाल महोदय ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए डा सिंह और संघ के सदस्यों को आश्वास्त किया कि इस विषय से देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्रोंचार द्वारा लिखित रूप में अवगत कराते हुए संविदा /अतिथि शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ भेदभाव को दूर करने तथा₹समान कार्य समान वेतन₹को सम्पूर्ण देश में लागू करने के लिए नीतिगत निर्णय लेते हुए ठोस नीति बनाने के लिए हम पहल करेंगे।

# 2026 का चोपन रेलवे इंटर डिपार्टमेंट टूर्नामेंट का खिताब लोको के नाम

सोनभद्र। चोपन रेलवे फुटबॉल ग्राउंड पर रविवार को इंटर डिपार्टमेंट टूनामेंट का समापन हुआ। फाइनल मुकाबला ट्रैफिक और लोको टीमों के बीच खेला गया, जिसमें लोको की टीम ने ट्रैफिक को 16 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट मंडल यातायात प्रबंधक चोपन, रंजीत कुमार की देखरेख में आयोजित किया गया था। लोको टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ऐके चंद ने 13 गेंदों पर 26 रन बनाए। अलोक ने 12 गेंदों पर 29 रन और रवि ने 26 गेंदों पर 29 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रैफिक टीम की ओर से श्याम ने 13 गेंदों पर एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 21 रन बनाए। रोहित ने 13 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 17 रनों का योगदान दिया। लोको टीम के गेंदबाजों में नीरज और एस.एस. राम ने 2-2 विकेट लेकर ट्रैफिक टीम को जीत से दूर रखा। ट्रैफिक टीम के गेंदबाजों में उत्तम ने 3 ओवर में 47 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अविनाश ने 3 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। मैच समाप्त होने के बाद विनर टीम के कैप्टन ए के चन्द को डीटी एम रंजित कुमार ने रनर टीम के कैप्टन उत्तम कुमार को एटीएम अभिषेक सिंह असिस्टेंट कमांडेंट द्वारा अलोक राज को 'मैन ऑफ द मैच' और 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार डीएसटी एस.के. श्रीवास्तव और उमेश कुमार सिंह सीआईटी के द्वारा शील्ड देकर रोशन कुमार को सम्मानित किया। इस रोमांचक मैच को देखने के लिए दर्शक दीर्घा खचाखच भरी हुई थी, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मैच के दौरान रेलवे विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# अनपरा की साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड की धनराशि 26,525/- रुपये आवेदिका के खाते में करायी गयी वापस

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। अवगत कराना है कि आवेदिका नीलम प्रभा रानी पत्नी अमृत कुमार शर्मा निवासिनी अनपरा कॉलोनी थाना अनपरा जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 01.02.2026 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को मीसो का कस्टमर केयर बताकर सीओडी बिल जनरेट करने के नाम पर एक लिंक भेजकर क्लिक कराया गया, जिसके माध्यम से कुल 31,727/- रुपये की साइबर ठगी कर ली गई। उक्त घटना के संबंध में आवेदिका द्वारा तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल का अवलोकन कर फ्रॉड की गई कुल 31,727/- रुपये की धनराशि संबंधित खातों में होल्ड करायी गई। आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित बैंक शाखा से ई-मेल पत्राचार के माध्यम से कार्यवाही करते हुए होल्ड की गई धनराशि में से 26,525.55/- रुपये आवेदिका के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराये गये। शेष धनराशि की वापसी हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है। आवेदिका द्वारा थाना अनपरा पुलिस की कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# गायत्री को मिस पल्हारी, इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी खिताब मिला

**–दस विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द पल्हारी सम्मान से नवाजा गया।**

**–पीएम श्री पल्हारी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ तृतीय पूर्व छात्र सम्मेलन व वार्षिकोत्सव।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी में तृतीय पूर्व छात्र सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। इस दौरान गायत्री को मिस पल्हारी व इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी खिताब प्रदान किया गया। वहीं आकाशवाणी ओबरा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दस विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द पल्हारी खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा नेता बब्लू धांगर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभू नारायण सिंह प्रधानाध्यापक उप्रा मऊकला एआरपी द्वय रमेश कुमार सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रसाद चौरसिया (प्रधानाध्यापक) ने की, जबकि संचालन डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव (ब्लॉक स्काउट मास्टर, नगवां) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान जागेश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत गीत के उपरांत पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत, करमा नृत्य, भक्ति गीत, लघु नाटिका सहित अनेक रंगारंग प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इस अवसर पर डॉ. बृजेश महादेव के साथ आकाशवाणी ओबरा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दस विद्यार्थियों को ह्लस्टार ऑफ द पल्हारीह्व सम्मान से नवाजा गया। वहीं गायत्री को मिस पल्हारी तथा इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी का खिताब प्रदान किया गया। विजयगढ़ से आए जादूगर अनिल शर्मा के जादुई कार्यक्रम ने बच्चों व अभिभावकों का विशेष मनोरंजन किया। आयोजन समिति में राज बहादुर सिंह (यूपीपी), आर.डी. सिंह (प्रधानाचार्य) एवं शिवशंकर मसराम का योगदान सराहनीय रहा, जिन्हें मछेन्द्र महादेव महोत्सव के संयोजक डॉ. बृजेश महादेव द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीपक मौर्य, पवन सिंह, रमेश कुमार, चंद्रिका सिंह, राम बहाल, सुदामा प्रसाद (ग्राम प्रधान), विन्दू (बीबीसी), विशाल कुमार, गुलाब, सुरेश प्रजापति, केदार सिंह, उर्मिला देवी, मनीषा सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अमन लेखनी समाचार**




बांसगांव, गोरखपुर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बांसगांव ब्लॉक के अनेक उच्च प्राथमिक विद्यालय के बालक एवं बालिकाएं खंड शिक्षा अधिकारी रोहित पांडेय के कुशल निर्देशन में शैक्षिक भ्रमण पर निकले। इस भ्रमण के दौरान उन्होंने अशफाकउल्ला खान चिड़ियाघर,व्हि पार्क, नौका विहार एवं रेल म्यूजियम आदि देखा।राष्ट्रीय आविष्कार अभियान भारत सरकार /उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई एक शैक्षिक पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि एवं नवाचार की भावना विकसित करना है। इसका मुख्य लक्ष्य विद्यालयों में रचनात्मक सोच, जिज्ञासा और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देना है। इस अभियान के अंतर्गत छात्रों को प्रयोगात्मक गतिविधियाँ, विज्ञान प्रदर्शनी, मॉडल निर्माण तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है, जिससे देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो सके। इस अवसर पर रंजीत जायसवाल, वीरभद्र सिंह, मोहम्मद जिया उल हक, सतीश कुमार, गोपाल मिश्रा, निखिल साहनी, रंजीता सिंह ममता सिंह पूजा पांडेय, शशि, प्रशांत पांडेय समेत दर्जनों शिक्षको समेत सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की पुलिस ने की चेकिंग



**अमन लेखनी समाचार**

कोन (सोनभद्र)। कस्बा कोन में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक थाना कोन ने पुलिस टीम के साथ सघन वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध वाहनों, तीन सवारी बैठाकर चलने वाले बाइक चालकों तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की विशेष जांच की गई। चेकिंग के दौरान कई वाहन चालकों को रोककर उनके कागजातों की जांच की गई। नशे की हालत में वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई, वहीं नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई भी की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट का प्रयोग करने और नाबालिगों को वाहन न देने की अपील की है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## जय हिंद जय सिंध में महेश आएंगे नजर, रंगमंच पर भी करेंगे वापसी

**मुंबई।** महेश मांजरेकर ने हिंदी फिल्मों में बतौर निर्देशक और अभिनेता अलग छाप छोड़ी है। जल्द ही उनका एक नया हिंदी नाटक 'एनिमल' दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह काफी वक्त के बाद रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'जय हिंद जय सिंध' का भी हिस्सा हैं। बड़े पर्दे पर अभिनय और निर्देशन करने के अलावा महेश मांजरेकर की रंगमंच की दुनिया में भी सक्रिय रहे हैं। एक बार फिर से वह थिएटर निर्माता अश्विन गिडवानी के साथ काम कर रहे हैं। इस बार एक हिंदी नाटक 'एनिमल' के साथ महेश रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। कई साल बाद दोनों साथ काम कर रहे हैं, इससे पहले दोनों नए नाटक 'डबल डील' किया था।



लाइफ Style

# आलिया

## ताना मारने वालों को दिया करारा जवाब

आलिया भट्ट ने हाल ही बाफ्टा में एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उनके एक्सप्रेशंस का खूब मजाक उड़ाया गया और आलोचना भी हुई। इस पर आलिया ने अब रिएक्ट किया है और एक्सप्रेशंस का मजाक उड़ाने वालों को जवाब दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया भट्ट हाल ही लंदन में आयोजित 79वें ब्रिटिश अकेडमी फिल्म अवार्ड्स में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। वहां आलिया ने हिंदी में स्पीच देकर सबका दिल जीत लिया था, लेकिन रेड कार्पेट पर एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने जो एक्सप्रेशंस दिए, उनके कारण एक्ट्रेस की भद भी पिटी। आलिया का खूब मजाक उड़ा। हाल ही आलिया जब मिलन फैशन वीक के एक इवेंट में शामिल हुईं और यहां बाफ्टा में हुई उस गड़बड़ के बारे में रिएक्ट किया, जिस पर लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और ताने मारे। इस बारे में पूछे जाने आलिया भट्ट ने 'गुच्ची शो' के दौरान डाइट साब्या को जवाब दिया और समझाया कि पूरी सिचुएशन क्या थी। वह बोलीं, 'इस बारे में इतनी चर्चा क्यों हो रही है? क्या यह मेरे हावभाव की वजह से है? तो असल हुआ ये था कि मेरे हिसाब से यह ('गॉन गर्ल') सबसे बेहतरीन ट्विस्ट है, लेकिन मैंने इस फिल्म को नहीं देखा है। ये कब रिलीज हुई थी? 10 साल पहले? तो मैंने इसे उसके बाद नहीं देखा। तो जब वह उस मोनोलॉग की बात कर रही थीं, तो मैंने कहा कि हां, और मैं अपने दिमाग में दोहरा रही थी कि अरे हां, वो मोनोलॉग, बिल्कुल सही बिल्कुल सही।'

### हॉलीवुड मसाला



## दोस्त के साथ मिलकर बनाए गाने

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर सिंगर और गीतकार नील सेडाका का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। उनके शानदार गानों ने उन्हें रॉक एन रोल के शुरुआती वर्षों में उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया। अपने गानों की वजह से वह 1970 के दशक में काफी मशहूर हुए। ब्रिल बिल्डिंग सॉन्गराइटिंग फैक्ट्री के सदस्य, सेडाका ने लिरिसिस्ट हॉवर्ड ग्रीनफील्ड के साथ मिलकर ऐसे गाने बनाए जो 1950 के दशक के आखिर से 1960 के दशक की शुरुआत तक काफी मशहूर हुए।



## ईरान के लोगों के लिए बयां किया था दर्द...

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट इस वक्त जंग बिगुल बजा हुआ है, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसी बीच हाल ही में ईरान की रहने वाली एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने ईरान के लोगों पर किए गए जुल्मों पर अपना दर्द बयां किया था। एलनाज नोरौजी ने भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि ईरान उतना ही डाइवर्स था, जितना भारत है। मगर एक रात सब बदल गया। एलनाज ने वीडियो में कहा था, आज कल्पना करें भारत। इतना डाइवर्स, इतना जिंदादिल, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषाएँ, अलग-अलग तरह के जीवन, सब एक साथ रहते हैं- हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी।



## वेब सीरीज हेल्लो बच्चों का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। 2 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक छोटे से क्लास रूम से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे शहरों और छोटे कस्बों के छात्रों तक पहुंचा। सीरीज में पांच छात्रों की कहानी दिखाई गई है। जो व्यक्तिगत और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, दूसरा ऐसे दबाव का सामना कर रहा है जिससे उसकी पढ़ाई रुक सकती है, जबकि तीसरा अपने परिवार का सहारा बनने के लिए क्रिकेट में अपने इंटरेस्ट को छोड़ देता है।



## शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार

**मुंबई।** अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनुपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।'

### टीवी मसाला



## अदिति की टीवी में एंट्री 'ये है मोहब्बतें' से स्टारडम

**नई दिल्ली।** साल 2004 में अदिति भाटिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखे। उनका पहला टीवी शो 'होम स्वीट होम' था। इसके बाद वह 'घर की लक्ष्मी बेटियां', 'तुझ संग प्रीत लगाई सजना' और 'टशन-ए-इश्क' में दिखीं, लेकिन छोटे पर्दे पर पॉपुलैरिटी 'ये है मोहब्बतें' से मिली। बहुत से फैंस अदिति भाटिया को आज भी रूही भल्ला के किरदार से याद करते हैं। अदिति भाटिया ने कुछ रियलिटी शोज भी किए, जिनमें 'खतरा खतरा खतरा', 'कॉमेडी सर्कस' और 'कॉमेडी नाइट्स बजाओ ताजा' जैसे नाम शामिल हैं। अदिति भाटिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें पहला विज्ञापन 5 महीने की उम्र में मिला था। तब वह पैरेंट्स के साथ एक मॉल में थीं। वहां एक डायरेक्टर ने बेबी अदिति को देखा और पैरेंट्स को उनका पोर्टफोलियो बनवाने की सलाह दी। अदिति ने बताया था कि उनका पूरा बचपन सेट पर बीता। स्कूल खत्म होने के बाद वह सेट पर पहुंच जातीं और वहीं खेलती थीं। अदिति भाटिया ने बताया था कि उनकी मॉम चाहती थीं कि वह इंजीनियर बनें पर बचपन से ही उन्हें हीरोइन बनने का शौक था। लेकिन परिवार खिलाफ था, तो उन्हें एक्टिंग में आने के लिए थोड़ा विद्रोह करना पड़ा। अदिति भाटिया को फिर 'ये है मोहब्बतें' सीरियल मिला और वह छा गईं। 'द केरल स्टोरी 2' के कलेक्शन की बात करें, तो शुक्रवार, 27 फरवरी को देर रात रिलीज होने के बाद इसने अभी तक दो दिनों में 5.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि इसे सीमित शोज पर ही रिलीज किया गया है। ओपनिंग डे की तुलना में 'द केरल स्टोरी 2' ने दूसरे दिन 520% ज्यादा कमाई की।

## ममता लाफ्टर शेफ्स 3 के सेट पर



**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों का पसंदीदा शो है। इसके पिछले दो सीजन को इतना प्यार मिला कि मेकर्स पुराने कंटेस्टेंट्स के साथ इसे सीजन दर सीजन आगे बढ़ा रहे हैं। बीते एपिसोड में जहां दिग्गज शेफ संजीव कपूर आए थे। वहीं 28 फरवरी और 1 मार्च के एपिसोड में सभी होली के रंग में रंगे दिखाई देंगे। हालांकि, नए एपिसोड की शूटिंग भी हुई, जहां पर हर कोई रेट्रो लुक में दिखाई दिया। कोई 'वास्तव' वाला संजय दत्त बना तो कोई 'करण-अर्जुन।' वहीं, माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाए और लाला साड़ी के साथ सोने के गहने पहने ममता कुलकर्णी भी पहुंची। उन्होंने बातचीत में कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैं 25 साल बाद टीवी पर आ रही हूं। यहां तक की अगर आपने नोटिस किया हो तो मैं अपनी लाइफ के 25 सालों में कभी भी टीवी पर नहीं आई। एक अच्छा मौका है। हंसने का मौका मिलता है। हम लोग बहुत गंभीर हो गए हैं। जिंदगी बहुत गंभीर हो गई है।

## विजय-रश्मिका का प्यार होगा गहरा सामंथा-राज पर चढ़ेगा इश्क का खुमार

*नई दिल्ली। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, प्यार का रंग भी इस उत्सव के साथ गहरा हो जाता है। खासकर शादी के बाद जब कपल्स पहली होली मनाते हैं तो उनके लिए यह दिन यादगार बन जाता है। इस साल कई सेलिब्रिटी कपल्स भी शादी के बाद पहली होली मनाएंगे। कुछ इसी गाने की तर्ज पर हाथों में अबीर और गुलाल लिए अपनी सजनी को साजन रंग लगाएंगे। सजनी भी मुझे रंग दो' की धुन पर थिरकती दिख जाएगी। कुछ ऐसा ही नजारा बॉलीवुड से लेकर साउथ सेलिब्रिटीज के घर-आंगन में होली के दिन देखने को मिल सकता है। इस साल रश्मिका और विजय देवरकोंडा से लेकर नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन तक शादी के बाद अपनी पहली होली साथ मनाएंगे। इस लिस्ट में कई और जोड़े भी शामिल हैं, जानिए किन-किन सेलिब्रिटीज कपल्स पर चढ़ेगा होली का रंग।*



***श्रीवल्ली बन रश्मिका लगाएंगी विजय पर रंग*** : 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए। इस कपल्स की शादी की तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया। शादी-शुदा जोड़े के तौर पर पर रश्मिका और विजय अपनी पहली होली भी मनाएंगे। दोनों की होली की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

***सामंथा के बलम 'राज' चलाएंगे पिचकारी*** : साउथ फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रूथ और डायरेक्टर राज निदिमोरु ने भी पिछले साल दिसंबर में शादी की। यह बतौर कपल उनकी पहली होली होगी। रश्मिका की जिंदगी में राज ढेर सारी खुशियां लेकर आए हैं तो होली भी उनके लिए खास होगी। सामंथा पर भी राज के प्यार का रंग इस होली खूब चढ़ने वाला है।

**स्टेबिन बेन की 'साहिबा' बनकर नूपुर झूमेंगी** : जनवरी महीने में कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन संग साथ फेर लिए हैं। इस कपल की शादी भी खूब चर्चा में रही। 'साहिबा' जैसे हिट सॉन्ग गाने वाले सिंगर स्टेबिन बेन नूपुर सेनन के साथ शादी के बाद पहली होली खलेंगे। कृति सेनन भी इनके हेली जश्न में शामिल हो सकती हैं।

## मुगल-ए-आजम को हिट करने में पांच राज्यों की लगी मेहनत...

**नई दिल्ली।** के. आसिफ की डायरेक्टेड और प्रोड्यूस्ड फिल्म 'मुगल-ए-आजम' के बनने की प्रक्रिया रिलीज से 16 साल पहले यानी 1944 में ही शुरू हुई थी। लेकिन सिनेमाघरों में इसे 1960 में उतारा गया था। करीब 1.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट रही थी। पहले ये ब्लैक एंड व्हाइट रिलीज हुई थी लेकिन दोबारा रिलीड करने के लिए इसे कलर किया गया था और ऐसा करने वाली ये वर्ल्ड सिनेमा के इतिहास की पहली फीचर फिल्म बन गई थी। एडवांस बुकिंग के लिए लोग शनिवार से ही लाइन में लग गए थे, जबकि फिल्म सोमवार को देखनी थी। लोग लड़क पर सोते थे। और परिवार के दूसरे लोग उनके लिए खाना लेकर आते थे।

### 'मुगल-ए-आजम' में 5 राज्यों के कारीगरों की मेहनत

फिल्म में किरदारों के जो कपड़े थे, वो मामूली नहीं थे। बल्कि उसे सिलने के लिए दिल्ली से दर्जी आए थे। और सूरत से उन पर कढ़ाई करने वाले स्पेशलिस्ट बुलाए गए थे। इतना ही नहीं, जो सभी ने आभूषण पहने थे, वो भी हैदराबाद के सुनार ने और मुकुट कोल्हापुर के कारीगरों ने तैयार किए



थे। साथ ही जो भी हथियार आपने फिल्म में देखे हैं, वो सब राजस्थान के लोहारों ने बनाए थे और आगरा से सभी के जूते मंगवाए गए थे।

### 10 लाख में शूट हुआ 'प्यार किया तो डरना क्या'

इस फिल्म के गाने भी मशहूर हुए थे। 'प्यार किया तो डरना क्या' बहुत पसंद किया गया था। यहां तक कि आज भी ये बजता है तो लोगों के पांव थिरकने लगते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इसकी शूटिंग में ही 10 लाख रुपये का खर्च आया था और इसे गीतकार शकील बदायुनी ने एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 105 बार लिखा था। क्योंकि उसमें बार-बार बदलाव किए जा रहे थे। फिर अंत में म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने हरी झंडी दिखाई थी। और मोहन स्टूडियो में लाहौर किले के शीश महल की रेप्लिका के रूप में बने एक सेट पर फिल्माया गया था। जिसे फिरोजाबाद के कारीगरों ने तैयार किया था और इसे बनने में दो साल लगे थे और इसकी लागत 15 लाख रुपये आई थी। वहीं, गाने की रिकॉर्डिंग लता मंगेशकर ने स्टूडियो के बाथरूम में की थी।

### कुछ गाने 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को करते हैं उजागर

# होली के उत्सव को रंगीन बनाते हैं बॉलीवुड के ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के होली गीतों की खासियत यह है कि उनमें से कई हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर आधारित हैं, जिनमें पारंपरिक लोक धुनें पिरोई गई हैं और जिनके बोल त्योहार के चंचल, शरारती और आनंदमय सार को दर्शाते हैं। कुछ गीत रोमांस का जश्न मनाते हैं, तो कुछ 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को उजागर करते हैं।*

### रंग बरसे-सिलसिला (1981)

अगर होली का कोई ऐसा गीत है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है, तो वह है 'रंग बरसे'। यह गीत परंपरा से ओतप्रोत है, जिसकी जड़ें ब्रज लोक धुन में हैं जो होली की चंचल भावना को बखूबी दर्शाती है। अमिताभ बच्चन की गहरी, मदहोश कर देने वाली आवाज और उनके पिता, कवि हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखे गए चंचल बोल मिलकर एक ऐसा गीत बनाते हैं जो चंचल और उत्सवपूर्ण दोनों है। भारतीय रागों में प्रशिक्षित शास्त्रीय संगीतकार शिव-हरि द्वारा रचित यह गीत एक कालातीत आकर्षण प्रदान करता है। यह होली का सर्वोत्कृष्ट गीत है- चाहे आप रंगों में सराबोर हों या ठंडाई पी रहे हों, यह गीत किसी भी होली पार्टी में कम से कम एक बार जरूर बजेगा।

### बलम पिचकारी-ये जवानी है दीवानी (2013)

'बलम पिचकारी' एक ऐसा गीत है जिसने बॉलीवुड के होली संगीत को आधुनिक रूप दिया है। यह गीत लोक संगीत से प्रेरित धुनों के साथ युवा ऊर्जा का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है। पारंपरिक होली गीतों के विपरीत, इसमें इलेक्ट्रॉनिक डांस बीट के साथ देसी धुनों का भी समावेश है, जिससे यह युवाओं के बीच तुरंत लोकप्रिय हो गया। फिल्म में इस गाने का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है- यह एक ऐसा मोड़ है जहाँ दोस्ती प्यार में बदल जाती है। इसका मनमोहक मुखड़ा और चुलबुले बोल इसे कॉलेज की होली पार्टियों में बेहद लोकप्रिय बनाते हैं, जिससे इसे आधुनिकता का स्पर्श मिलता है और साथ ही त्योहार का पारंपरिक आकर्षण भी बरकरार रहता है।




### होली के दिन-शोले (1975)

आर.डी. बर्मन भारतीय लोक संगीत को सिनेमाई भव्यता के साथ जोड़ने में माहिर थे, और होली के दिन इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह गीत ढोल की थाप से शुरू होता है और देखते ही देखते एक ऊर्जावान लोक नृत्य में बदल जाता है। इस गीत की खासियत यह है कि इसमें एकजुटता पर जोर दिया गया है—यह रोमांस या व्यक्तिगत उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि होली की सामुदायिक भावना के बारे में है। शोले के दृश्य इसे और भी सशक्त बनाते हैं, जिसमें ग्रामीण एक साथ आकर होली को एकता के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

### मेरी मदद करो, चलो होली खेलते हैं- वक्त (2005)

अपने बेबाक और चंचल बोलों के लिए मशहूर यह गाना पारंपरिक होली गीतों से हटकर है। इसकी धुन आकर्षक, तेज रफ्तार वाली और जोशीले नृत्य के लिए एकदम उपयुक्त है। सुनिधि चौहान की आवाज इसमें एक मजेदार और चुलबुलापन जोड़ती है, जिससे यह गाना अक्सर युवाओं के होली समारोहों में बजाया जाता है। हालांकि यह परंपरा में उतना गहराई से निहित नहीं है, लेकिन इसकी आकर्षक रचना और क्लब-शैली की धुनें इसे एक ऐसा गीत बनाती हैं जो कानों में गूंजता रहता है।

### जय जय शिवशंकर-युद्ध (2019)

हाल के बॉलीवुड इतिहास के सबसे ऊर्जावान होली गीतों में से एक, 'जय जय शिवशंकर' डांस बीट्स और हिंदुस्तानी संगीत तत्वों का एक जबरदस्त मिश्रण है। इस गाने में बॉलीवुड के दो बेहतरीन डांसर, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ, तालमेलपूर्ण नृत्य और चमकीले रंगों के शानदार संयोजन में नजर आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसका संबंध भगवान शिव से है, क्योंकि "शिवशंकर" उस देवता को संदर्भित करता है जो विनाश और नशा (होली के दौरान भांग पीना) दोनों से जुड़े हैं। गाने की धुनें यह सुनिश्चित करती हैं कि यह किसी भी होली पार्टी में डांस फ्लोर पर धूम मचा दे।